रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)

PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 191] नई दिल्ली, मंगलवार, अप्रैल 13, 2010/चैत्र 23, 1932

No. 191] NEW DELHI, TUESDAY, APRIL 13, 2010/CHAITRA 23, 1932

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

(रक्षोपाय, सीमाशुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क महानिदेशक का कार्यालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 13 अप्रैल, 2010

विषय : चीन जन. गण. से भारत में हुए सोडा-ऐश के आयातों से संबंधित रक्षोपाय शुल्क संबंधी जांच-समीक्षा कार्यवाहियो का अंतिम जांच परिणाम ।

सा.का.नि. 318(अ).—सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 और सीमाशुल्क (परिवर्ती उत्पाद विशिष्ट रक्षोपाय शुल्क) नियमावली, 2002 को ध्यान में रखते हुए,–

क. प्रक्रिया

1. चीन जन. गण. से संवर्धित आयातों के कारण बाजार विकृति के उत्पन्न हुए खतरे से सोडा-ऐश के घरेलू उत्पादकों की रक्षा करने के लिए चीन से भारत में हुए सोडा ऐश के आयातों पर निरंतर रक्षोपाय शुल्क लगाने हेतु अल्कली मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएमएआई), तीसरा तल, पंकज चैम्बर्स, प्रीत विहार कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, विकास मार्ग, दिल्ली-110092 द्वारा सीमाशुल्क (परिवर्ती उत्पाद विशिष्ट रक्षोपाय शुल्क) नियमावली 2002 के नियम 5 के अंतर्गत मेरे समक्ष एक आवेदन दायर किया गया था । इस बात से संतुष्ट होने के बाद कि नियम 5 की अपेक्षाओं को पूरा कर दिया गया है, सीमाशुल्क (परिवर्ती उत्पाद विशिष्ट रक्षोपाय शुल्क) नियमावली 2002 के नियम 6 के अंतर्गत चीन जन. गण. से भारत में हुए सोडा ऐश के आयातों से संबंधित रक्षोपाय जांच शुरू करने की सूचना दिनांक 19 फरवरी, 2010 को जारी की गई थी और उसे उसी दिन भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित किया गया था ।

2. सूचना की एक प्रति नई दिल्ली स्थित दूतावास के जरिए चीन जन. गण. की सरकार को भेजी गई थी । सूचना की एक प्रति नीचे सूचीबद्ध समस्त ज्ञात हितबद्ध पक्षकारों को भी भेजी गई थी : -

घरेलू उत्पादक

1. टाटा कैमिकल्स लि.
लीला बिजनेस पार्क
अँधेरी-कुर्ला रोड, अँधेरी (पू.)
मुम्बई-400059

2. सौराष्ट्र कैमिकल्स लि.
बिरला सागर
पोरबन्दर-360576
गुजरात

3. गुजरात हैवी कैमिकल्स लि.
बी-38, इंस्टीट्यूशनल एरिया
सेक्टर-1, नोएडा-201301

4. डीसीडब्ल्यू लि.
" निर्मल ", तीसरा तल
नरीमन प्वाइंट, मुंबई-400021

5. निरमा लि.
एनसीसी कार्यालय
कृष्णानगर
वाधवाड़ी रोड
भावनगर-364002, गुजरात

अन्य भारतीय उत्पादक

1. तूतीकोरिन अल्कली कैमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लि.
ईस्ट कोस्ट सेंटर
534, अन्नासलाई
टेनामपेट, चेन्नई-600018

आयातक

1. गुजरात गार्जियन लि.
ग्राम-कोंढ
वालिया रोड
प्लांट राज्य राजमार्ग सं. 13
अंकलेश्वर, भरूच-393001

2. फ्लोट ग्लास इंडिया लि.
टी-7, एमआईडीसी
इंडस्ट्रियल एरिया
तलोजा, महाराष्ट्र

3. अलेम्बिक ग्लास इंडस्ट्रीज लि.
अलेम्बिक रोड
बड़ौदा (वड़ोदरा)
गुजरात

4. दीपक नाइट्राइट लि.
नांदेसारी,
4/12 कैमिकल कॉम्प्लैक्स
जीआईडीसी, नांदेसारी,
बड़ौदा (वड़ोदरा)
गुजरात

5. हिन्दुस्तान नेशनल ग्लास एंड इंडस्ट्री लि.
रिशरा, पश्चिम बंगाल

6. हिन्दुस्तान यूनिलीवर लि.
दक्षिणा बिल्डिंग
8वाँ तल, प्लॉट सं. 2
सेक्टर-11, सीबीडी बेलापुर
नवी मुंबई

7. प्रॉक्टर एंड गैम्बल हाइजिन एंड हेल्थ केयर
मंडी दीप प्लांट एल एंड सी-विनिर्माण
प्लॉट सं. 182, मंडी दीप
मध्य प्रदेश

8. अलब्राइट मोरारजी एंड पण्डित लि.
अम्बरनाथ, जिला- थाणे
महाराष्ट्र

9. एड्वाटेक इंडस्ट्रीज प्रा. लि., धनाली
ग्राम धनाली
कड़ी जिला, मेहसाना
गुजरात

10. सेंट गोबेन ग्लास लि.
श्रीपेरूम्बदूर, तमिलनाडु

निर्यातक

1. शेन्डाँग हाहुआ ग्रुप
शेन्डाँग हाहुआ ग्रुप कं. लि.
डेवलप जोन ऑफ़ हाहुआ
वेईफांग सिटी, शेन्डाँग-262737
चीन

2. हेबेई टेंग्शन सैन्यो अल्कली इंडस्ट्री कं.
नान्पु डेवलपमेंट एरिया
टेंग्शन, हेबेई
चीन
पोस्ट कोड- 063305

3. किंघाई अल्कली प्लांट (जेजियांग ग्लास)
चीन का किंघाई दिल्ली म्युनिसिपल इंडस्ट्रियल पार्क
जिप-817000

4. तियान्जिन सोडा ऐश पार्क
संख्या 87, जिन्हुआ रोड
टंग्गु, जिला तियान्जिन
चीन

5. जिन्शान कैमिकल कं.
हेनान प्रोविंस में चीन की जेंग्जोउ सिटी
जेंग्जोउ सिटी, फुशोशान स्ट्रीट 87, चीन

3. सभी ज्ञात घरेलू उत्पादकों,आयातकों तथा निर्यातकों को प्रश्नावलियाँ उपलब्ध करायी गयी थीं और उन्हें उत्तर देने के लिए 30 दिन का समय दिया गया था ।

4. कुछ हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अपने उत्तर प्रस्तुत करने हेतु समय विस्तार का अनुरोध किया गया था । शीघ्र जांच की जरूरत को ध्यान में रखते हुए अनुरोध पर विचार किया गया था । समस्त हितबद्ध पक्षकारों के नाम और पते निम्नानुसार हैं :

i. चीन जन. गण. का दूतावास, 50 डी, शांति पथ, नई दिल्ली
ii. अल्कली मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएमएआई), तीसरा तल, पंकज चैम्बर्स, प्रीत विहार कमर्शियल कॉम्प्लैक्स, विकास मार्ग, दिल्ली-92
iii. टीपीएम सॉलिसिटर्स एंड कन्सल्टेंट्स, के-3/ए, साकेत, नई दिल्ली
iv. गुजरात हैवी कैमिकल्स लि., बी-38, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-1, नोएडा-201301
v. सौराष्ट्र कैमिकल्स लि., बिरला सागर, पोरबन्दर-360576, गुजरात
vi. टाटा कैमिकल्स लि., लीला बिजनेस पार्क, अँधेरी-कुर्ला रोड, अँधेरी (पू.), मुम्बई-400059
vii. डीसीडब्ल्यू लि., " निर्मल " , तीसरा तल, नरीमन प्वाइंट, मुंबई-400021
viii. निरमा लि., एनसीसी कार्यालय, कृष्णानगर, वाधवाड़ी रोड, भावनगर-364002, गुजरात
ix. तूतीकोरिन अल्कली कैमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लि., ईस्ट कोस्ट सेंटर, 534, अन्नासलाई, टेनामपेट, चेन्नई-600018
x. शेन्डॉंग हाहुआ ग्रुप, शेन्डॉंग हाहुआ ग्रुप कं. लि., डेवलप जोन ऑफ हाहुआ, वेईफांग सिटी, शेन्डॉंग-262737, चीन
xi. हेबेई टेंग्शन सैन्यो अल्कली इंडस्ट्री कं., न्पु डेवलपमेंट एरिया, टेंग्शन, हेबेई, चीन, पोस्ट कोड- 063305
xii. किंघाई अल्कली प्लांट (जेजियांग ग्लास), चीन का किंघाई दिल्ली म्युनिसिपल इंडस्ट्रियल पार्क, जिप-817000
xiii. तियान्जिन सोडा ऐश पार्क, संख्या 87, जिन्हुआ रोड, टंग्गु, जिला तियान्जिन, चीन
xiv. जिन्शान कैमिकल कं., हेनान प्रोविंस में चीन की जेंग्जोउ सिटी, जेंग्जोउ सिटी, फुशोशान स्ट्रीट 87, चीन
xv. गुजरात गार्जियन लि., ग्राम-कोंढ, वालिया रोड, प्लांट राज्य राजमार्ग सं. 13, अंकलेश्वर, भरूच-393001
xvi. फ्लोट ग्लास इंडिया लि., टी-7, एमआईडीसी, इंडस्ट्रियल एरिया, तलोजा, महाराष्ट्र

xvii. अलेम्बिक ग्लास इंडस्ट्रीज लि., अलेम्बिक रोड, बड़ौदा (वड़ोदरा), गुजरात

xviii. दीपक नाइट्राइट लि., नांदेसारी, 4/12 कैमिकल कॉम्प्लैक्स, जीआईडीसी, नांदेसारी, बड़ौदा (वड़ोदरा), गुजरात

xix. हिन्दुस्तान नेशनल ग्लास एंड इंडस्ट्री लि., रिशरा, पश्चिम बंगाल

xx. हिन्दुस्तान यूनिलीवर लि., दक्षिणा बिल्डिंग, 8वॉ तल, प्लॉट सं. 2, सेक्टर-11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई

xxi. प्रॉक्टर एंड गैम्बल हाइजिन एंड हेल्थ केयर, मंडी दीप प्लांट एल एंड सी-विनिर्माण, प्लॉट सं. 182, मंडी दीप, मध्य प्रदेश

xxii. अलब्राइट मोरारजी एंड पण्डित लि., अम्बरनाथ, जिला- थाणे, महाराष्ट्र

xxiii. एड्वाटेक इंडस्ट्रीज प्रा. लि., धनाली, ग्राम धनाली, कड़ी जिला, मेहसाना, गुजरात

xxiv. सेंट गोबेन ग्लास लि., श्रीपेरूम्बदूर, तमिलनाडु

xxv. यूपी ग्लास मैन्यूफैक्चर सिंडिकेट, 14 मोनापुरम, निकट गणेश नगर, फिरोजाबाद-283203, उ. प्र.

xxvi. असाही इंडिया ग्लास लि., 5वॉ तल, टॉवर-बी, ग्लोबल बिजनेस पार्क, मेहरौली-गुड़गॉव रोड, गुड़गॉव-122002 (भारत)

xxvii. फेना (प्रा.) लि., ए-237, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-I, नई दिल्ली-110020

xxviii. डिटर्जेंट मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (दिल्ली क्षेत्र), 148, न्यू ओखला इंड. कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110020

xxix. सेंट गोबेन, प्लॉट सं. ए-1, शिपकॉट इंड. पार्क, श्रीपेरूम्बुदूर- 602105, कॉचिपुरम जिला, तमिलनाडु

xxx. सासी-कैम, 59 व 60, डीएसआईडीसी इंड. कॉम्प्लैक्स, ओखला, फेज-I, नई दिल्ली-110020

xxxi. श्री यूनिकोन ऑर्गेनिक्स प्रा. लि., बीएस-3, एपीजे, 130, बम्बई समाचार मार्ग, मुम्बई-400023

xxxii. कैपेक्सिल, वाणिज्य भवन, इंटरनेशनल ट्रेड फेसिलिटेशन सेंटर, 1/1, वुड स्ट्रीट, तीसरा तल, कोलकाता-700016

xxxiii. पोल्लाची चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंड., आर. पी. कॉम्प्लैक्स, दूसरा तल, 14, बाल गोपालपुरम स्ट्रीट, पोल्लाची-642001

xxxiv. वसुंधरा रसायन लि., सी-104, एमआईडीसी इंड. एरिया, महेद, जिला-रायगढ़, महाराष्ट्र

xxxv. स्मौल स्केल डिटर्जेंट एंड सोप मैन्यू. एसोसिएशन, 43, यूरोपियन एसायलम लेन, कोलकाता-700016

xxxvi. पावर सोप लि., 62-बी, नॉर्थ बोआग रोड, टीनगर, चेन्नई-600017, भारत

xxxvii. शांतिनाथ डिटर्जेंट्स (प्रा.) लि., पी-15, कालाकर स्ट्रीट, कोलकाता-700007

xxxviii. एडवांस होम एंड पर्सनल केयर लि., एडवांस सर्फेक्टेंट्स इंडिया लि., 511/2/1, गॉव-रजोकरी, नई दिल्ली-110038

xxxix. ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ डिटर्जेंट मैन्यू. एसोसिएशन, 511/2/1, गॉव-रजोकरी, नई दिल्ली-110038

xl. एस. कुमार डिटर्जेंट प्रा. लि., प्लॉट नं. 34, सेक्टर-2, इंड. एरिया, पीतमपुर-454775, जिला-धार, मध्यप्रदेश

xli. एडवांस सर्फेक्टेंट्स इंडिया लि., 511/2/1, गॉव-रजोकरी, नई दिल्ली-110038

xlii. ए. आर. सल्फोनेट्स, 9, हेमंत बसु सरणी (20, ओल्ड कोर्ट हाउस स्ट्रीट), दूसरा तल, कुक एंड केल्वे बिल्डिंग, कोलकाता-700001

xliii. साई सल्फोनेट्स, 21, प्रिंसेप स्ट्रीट, दूसरा तल, कोलकाता-700072

xliv. ए आर स्टेन कैम. प्रा. लि., 9, हेमंत बसु सरणी (20, ओल्ड कोर्ट हाउस स्ट्रीट), दूसरा तल, कुक एंड केल्वे बिल्डिंग, कोलकाता-700001

xlv. हिन्द सिल्केट्स प्रा. लि., 3ए, ऑकलैण्ड प्लेस, पाँचवाँ तल, कोलकाता-700017

xlvi. टॉरस कैमिकल्स (प्रा.) लि., 318, स्वप्नलोक, 92/93, एस डी रोड, सिकन्द्राबाद-500003, आंध्र प्रदेश, भारत

xlvii. पी एंड जे क्रेटेकेम (प्रा.) लि. 318, स्वप्नलोक, 92/93, एस डी रोड, सिकन्द्राबाद-500003, आंध्र प्रदेश, भारत

xlviii. किशोर सन्स डिटर्जेंट्स प्रा. लि., 15-9-469, महबूबगंज रोड, हैदराबाद-500012

xlix. गोपाल एजेंसिज, गोण्डल रोड, बी/एच राजकमल पेट्रोल पम्प, वावडी, राजकोट-360004

l. जे. जे. पटेल इंड., गोण्डल रोड, बी/एच राजकमल पेट्रोल पम्प, वावडी, राजकोट-360004

li. श्री राम भरत कैमिकल्स एंड डिजर्टेंट्स (प्रा.) लि., 1/56, संजय गाँधी नगर, नोचीपलायम रोड, 46, पोधुर गाँव, इरोड-638002

lii. इंडियन कैमिकल मर्चेंट्स एंड मैन्यू. एसोसिएशन, 4, इंडिया एकसचेंज प्लेस, कोलकाता-700001

liii. अध्यक्ष, बल्क ड्रग मैन्यू. एसोसिएशन (इंडिया), सी-25, इंड. एस्टेट, सनतनगर, हैदराबाद-500018

liv. भारतीय लघु उद्योग परिषद्, 19/2, वनमाली नस्कर रोड, दूसरा तल, कोलकाता-700060

lv. ऑल इंडिया ग्लास मैन्यू. फेडरेशन, 812, नई दिल्ली हाउस, 27, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली-110001

lvi. क्रिसेंट सिलिकेट, ए-45, गाने खडपोली एमाआईडीसी चिपलुन, जिला-रत्नागिरी-415604

lvii. गाँधी कैमिकल्स वर्क्स, एफ-41, विछवाल इंड. एरिया, बीकानेर-334006

lviii. चीन जन. गण. का वाणिज्य मंत्रालय, 2, डाँगचेंग ए स्ट्रीट, बीजिंग, चीन-100731

lix. मॉडर्न ग्लास इंड., कोल साइडिंग रोड, फिरोजाबाद-283203 (उ. प्र.)

lx. आदर्श काँच उद्योग (प्रा.) लि., कोल साइडिंग रोड, फिरोजाबाद-283203 (उ. प्र.)

lxi. एडवांस लैम्प कम्पोनेंट एंड टेबल वेयर्स प्रा. लि., ई-24, दूसरा तल, जवाहर पार्क, लक्ष्मी नगर, विकास मार्ग, नई दिल्ली-110092

lxii. प्रगति ग्लास प्रा. लि., 111, धामजीशामजी इंड. कॉम्प्लैक्स, 9, एलबीएस कुर्ला (प.), मुम्बई-400070

lxiii. गोरामल हरिराम लि., 39, नजफगढ़ रोड इंड. एरिया, नई दिल्ली-110015

lxiv. रोहित सर्फेक्टेंट्स (प्रा.) लि., 117/एच-2/202, पांडु नगर, कानपुर-05

lxv. एस्ट्रल ग्लास प्रा. लि., आदिनाथ टॉवर्स " ए ", दूसरा तल, नैन्सी कालोनी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे के सामने, बोरीवली (पू.), मुम्बई-400066

lxvi. बीडीजे ग्लास इंड प्रा. लि., 1, किड स्ट्रीट, प्लेस कोर्ट, पहला तल, सूट-14ए, कोलकाता-700016

lxvii. इंडियन ग्लास मैन्यू. एसोसिएशन, बी-6, शिवालिक, नई दिल्ली-110017

lxviii. द डाइज एंड कैमिकल मर्चेंट्स एसोसिएशन, 4 मंदिर स्ट्रीट, कोलकाता-700073

lxix. हिप्पोलिन लि., " मधुवन ", चतुर्थ तल, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद-380006

lxx. द फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया डाइज एंड कैमिकल्स मर्चेंट्स एसो., 16, महाराणाप्रताप सरणी, दूसरा तल, कमरा सं. 5, कोलकाता-700001

lxxi. अथेना लौह एसो., 808, एल एंड टी, सेक्टर-18-बी, द्वारका, नई दिल्ली-110075

lxxii. लक्ष्मीकुमारन एंड श्रीधरन, बी-6/10, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली-110029

lxxiii. श्री हरि इंड., 47, श्री वीरूभाई मा निवास, शास्त्री नगर स्क्वेयर, नागपुर-440008

lxxiv. महाराष्ट्र स्मॉल स्केल सोप, डिटर्जेंट एंड कास्मेटिक मैन्यू एसो., 47, श्री वीरूभाई मा निवास, शास्त्री नगर स्क्वेयर, नागपुर-440008

lxxv. हिन्दुस्तान नेशनल ग्लास एंड इंड. लि., 2, रेडक्रॉस प्लेस, कोलकाता-700001

lxxvi. जगतजीत इंड. लि., प्लॉट सं. 78, सेक्टर-18, इंस्टी. एरिया, गुड़गाँव-122001

lxxvii. भारतीय लघु उद्योग परिषद्, 19/2, वनमाली नस्कर रोड, दूसरा तल, कोलकाता-700060

lxxviii. पीताम्बर ग्लास वर्क्स, चमेलीबाग, आगरा रोड, फिरोजाबाद-283203

lxxix. अशोक एनामेल एंड ग्लास वर्क्स प्रा. लि., 34-ए, मेटकॉफ स्ट्रीट, प्रथम तल, कोलकाता-700013

lxxx. एडवांस लैम्प कम्पोनेंट एंड टेबल वेयर्स प्रा. लि., ई-24, दूसरा तल, जवाहर पार्क, लक्ष्मी नगर, विकास मार्ग, नई दिल्ली-110092

lxxxi. हैल्डिन ग्लास गुजरात लि., 9, गायत्री कमर्शियल कॉम्प्लैक्स, मित्तल इंड. एस्टेट नं. 5 के पीछे, अँधेरी कुर्ला रोड, मरोल नाका, अँधेरी (पू.), मुम्बई-400059

lxxxii. एजीआई ग्लासपैक, 2, रेडक्रॉस, कोलकाता-700001

lxxxiii. पेरामल ग्लास, पेरामल टॉवर, पेनिन्सिला कॉर्पोरेट पार्क गणपतराय कदम मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई-400013

lxxxiv. गणेश बीड्स इंड., धौलपुरा, इंड. एरिया के निकट, आगरा रोड, फिरोजाबाद-283203

lxxxv. श्री जगदम्बा इंड., बी-13, इंड. एरिया, फिरोजाबाद-283203

lxxxvi. एम्पायर इंड. लि., एम्पायर हाउस, 414, सेनापति बापत, लोअर परेल, मुम्बई400013

lxxxvii. आदर्श कॉच उद्योग (प्रा.) लि., कोल साइडिंग रोड, फिरोजाबाद-283203 (उ. प्र.)

lxxxviii. मॉडर्न ग्लास इंड., कोल साइडिंग रोड, फिरोजाबाद-283203 (उ. प्र.)

lxxxix. भारत ग्लास ट्यूब लि., 501, पाँचवाँ तल, एस्ट्रोन टॉवर, सैटेलाइट, अहमदाबाद-380015

5. एक सार्वजनिक सुनवाई 19 मार्च, 2010 को की गई थी । सार्वजनिक सुनवाई के दौरान उठाई गई चिंताओं का समाधान करने के लिए एक अन्य सार्वजनिक सुनवाई 29 मार्च, 2010 को की गई थी । जिन हितबद्ध पक्षकारों ने सार्वजनिक सुनवाई में भाग लिया था उनसे मौखिक रूप से व्यक्त विचारों के लिखित अनुरोध दायर करने का आग्रह किया गया था । एक हितबद्ध पक्षकार द्वारा प्रस्तुत लिखित अनुरोध की प्रति अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध कराई गई थी । हितबद्ध पक्षकारों को अन्य हितबद्ध पक्षकारों के लिखित अनुरोधों पर उत्तर, यदि कोई हो, दायर करने का अवसर भी प्रदान किया गया था ।

6. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा लिखित अनुरोधों में या उत्तरों में व्यक्त किए गए समस्त विचारों की जाँच की गई थी और उन पर उचित निर्धारण करने में ध्यान दिया गया है । चूँकि ऐसे कई हितबद्ध पक्षकार हैं जिन्होंने अपने उत्तर दायर किए हैं इसलिए उनके तर्कों और उनसे उत्पन्न मुद्दों पर

संक्षिप्तता की वजह से हितबद्ध पक्षकार के नाम का विशिष्ट उल्लेख किए बिना कार्रवाई की गई है ।

7. घरेलू उत्पादकों द्वारा प्रस्तुत सूचना का सत्यापन आवश्यक समझी गई सीमा तक घरेलू उत्पादकों के संयंत्रों में मौके पर जाकर किया गया था । इसके अलावा, लागत संबंधी आंकड़ों का सत्यापन और लागत लेखाकार द्वारा उसका प्रमाणन भी किया गया था । सत्यापन रिपोर्ट का अगोपनीय रूपांतरण सार्वजनिक फाइल में रखा गया है ।

भारत में घरेलू उद्योग के विचार

8. घरेलू उत्पादकों ने निम्नानुसार उल्लेख किया है :

9. रक्षोपाय शुल्क लागू करने के बाद भी चीन से आयात पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में अधिक रहा है । चीन से आयात इस तथ्य के बावजूद हुए हैं कि देश आत्मनिर्भर है । पारंपरिक तौर पर घरेलू उत्पादकों का हिस्सा घरेलू माँग के 85-90% के बीच रहा था जो अब घटकर लगभग 70% रह गया है । शेष की पूर्ति आयात द्वारा की जा रही है ।

10. चीन से अयात अन्य देश की कीमत से कम कीमत पर हुआ है । चीन से निर्यात कीमत निरंतर कम हो रही है । सोडा ऐश के आयात पर सीआईएफ मूल्य में दिसम्बर, 2009 तक गिरावट आई है । सीआईएफ मूल्य में गिरावट काफी अधिक हुई है जिससे रक्षोपाय शुल्क निष्प्रभावी बन गया है ।

11. चीन में उत्पादन में भारी वृद्धि हुई है जो उनकी कम माँग से काफी अधिक हैं । चीन के सोडा ऐश उद्योग के पास 26.00 मि. मी. टन की क्षमता है जो अप्रैल, 2010 तक बढ़कर 28 मि. मी. टन हो जाने की संभावना है । चीन में घरेलू माँग का परिदृश्य बदल गया है जिससे भारी बेशी मात्रा बच गयी है ।

12. भारत निर्यात का केंद्र बना हुआ है । चीन में नई क्षमताएँ स्थापित हुई हैं और वर्ष 2010 में और नई क्षमताएँ शुरू होने की संभावना है ।

13. मै. टाटा कैमिकल, मै. जीएचसीएल, मै. सौराष्ट्र कैमिकल्स लि., मै. डीसीडब्ल्यू लि. तथा मै. निरमा लि. का उत्पादन 100% है और इस प्रकार वे घरेलू उद्योग हैं ।

14. लाइट सोडा तथा डेन्स सोडा दोनों का आयात चीन से किया जाता है और इनका विनिर्माण घरेलू उद्योग करता है । अतः दोनों संचयी रूप से विचाराधीन उत्पाद हैं ।

15. रक्षोपाय शुल्क के कारण उत्पादन में सुधार हुआ है परंतु वर्ष 2009 में उत्पादन 2008 के उत्पादन से कम रहा है ।

16. वर्ष 2008 में हुई कुल बिक्रियाँ वर्ष 2009 की कुल बिक्रियों से कम रही हैं ।

17. क्षमता उपयोग की प्रवृत्ति उत्पादन जैसी रही है क्योंकि क्षमता में कोई वृद्धि नहीं हुई है ।

18. उत्पादकता तथा लाभ में गिरावट जारी है क्योंकि चीन से आयात कीमत घट रही है । घरेलू उद्योग अपने उत्पादों की बिक्री करने में कठिनाई महसूस कर रहा है जैसाकि उच्च मालसूची से पता चलता है ।

19. रोजगार घट रहा है ।

20. घरेलू उद्योग को क्षति चीन से हुए कम कीमत पर आयात के कारण हुई है ।

21. बाजार विकृति का खतरा अभी भी मौजूद है और यदि रक्षोपाय शुल्क की अवधि नहीं बढ़ाई जाती है तो घरेलू उद्योग को उत्पादन में घाटे, बिक्री घाटे, कम क्षमता उपयोग, रोजगार की हानि, बाजार हिस्से के नुकसान के रूप में घाटा होगा और यदि घरेलू उद्योग चीन की कीमत की बराबरी करता है तो उद्योग को भारी घाटा होगा और सोडा ऐश उद्योग को चलाना व्यवहार्य नहीं रह जाएगा ।

22. कड़ाके की सर्दी के कारण जनवरी-फरवरी 2010 के दौरान कीमत में कुछ वृद्धि हुई जिससे परिवहन और उत्पादन बाधित हुआ । इसके अलावा, दिसम्बर-जनवरी, 2010 में चीन में रही स्थानीय छुट्टियों के कारण आपूर्ति में आई बाधा से कीमत में वृद्धि हुई । मार्च में कीमतें घटकर पूर्ववर्ती स्तर पर आ गयी । इसके अलावा, दीर्घावधिक अनुमान यह है कि चीन की कीमतें कम रहेंगी ।

23. अतः अनुरोध है कि रक्षोपाय शुल्क 19 अप्रैल, 2010 से आगे जारी रखने की अनुमति दी जानी चाहिए क्योंकि घरेलू उद्योग को रक्षोपाय शुल्क के अभाव में क्षति होगी ।

चीन की सरकार तथा निर्यातकों के विचार

24. अपने परामर्शदाता के जरिए चीन की सरकार तथा अन्य ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं : -

25. कोई जांच शुरू करने से पूर्व सीएपी के अनुच्छेद 16.1 के अनुसार परामर्श किए जाने चाहिए थे । उन्होंने तर्क दिया है कि डब्ल्यू टी ओ में चीन के शामिल होने से संबंधित प्रोटोकॉल (सीएपी) के अनुच्छेद 16 के अंतर्गत की गई परिकल्पना के अनुसार परिवर्ती उत्पाद विशिष्ट रक्षोपाय (टी पी एस एस एम) लगाने हेतु यह जांच है । सीएपी के अनुच्छेद 16.1 में पूर्व परामर्श अपेक्षित है। अनुच्छेद 16.1 निम्नानुसार है : -

16. परिवर्ती उत्पाद विशिष्ट रक्षोपाय तंत्र

1. ऐसे मामलों में जिनमें चीन के मूल के उत्पादों का डब्ल्यूटीओ के किसी सदस्य के भू-भाग में आयात ऐसी संवर्धित मात्रा मे या ऐसी स्थितियों में किया जा रहा है जिससे समान या प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धी उत्पादों के घरेलू उत्पादकों के लिए बाजार विकृति उत्पन्न हो गयी है या उसका खतरा उत्पन्न हो गया है, इस प्रकार से प्रभावित डब्ल्यूटीओ सदस्य पारस्परिक रूप से संतोषजनक समाधान प्राप्त करने की दृष्टि से चीन के साथ परामर्श का अनुरोध कर सकता है जिसमें यह भी शामिल है कि क्या प्रभावित डब्ल्यूटीओ सदस्य को रक्षोपाय करार के अंतर्गत उपाय लागू करने की पहल करनी चाहिए । इस प्रकार के किसी अनुरोध को रक्षापाय समिति को तुरंत अधिसूचित किया जाएगा ।"

26. तथापि, चीन की सरकार को यह नोट करते हुए खेद है कि जाँचकर्ता प्राधिकारी जाँच की शुरूआत से पूर्व परामर्श का ऐसा अवसर प्रदान करने में विफल रहे हैं । जाँच की शुरूआत से पूर्व से लेकर आज की तारीख तक (प्रारंभिक जाँच परिणामों के अनुमोदन के बाद भी) चीन की सरकार को उचित माध्यम से कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है । चीन की सरकार की राय में यह न केवल डब्ल्यूटीओ के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ है, अपितु जांचकर्ता प्राधिकारी द्वारा निर्वहन किए जाने वाले दायित्वों के भी प्रतिकूल है । परिणामतः इससे चीन की सरकार अपने अधिकारों से सर्वथा वंचित हुई है ।

27. सीएपी के अनुच्छेद 16.1 में उल्लिखित " पारस्परिक रूप से संतोषजनक समाधान प्राप्त करने की दृष्टि से जिसमें यह भी शामिल है कि क्या प्रभावित डब्ल्यूटीओ सदस्य को रक्षोपाय करार के अंतर्गत उपाय लागू करने की पहल करनी चाहिए " शब्दों का स्पष्ट तात्पर्य यह निकलता है कि पूर्व परामर्श के बिना कोई जाँच शुरू नहीं की जानी चाहिए थी ।

28. इस विशेष मामले में भारत ने सीएपी के अनुच्छेद 16.1 के अंतर्गत चीन के साथ परामर्श की माँग नहीं की थी । डब्ल्यूटीओ के एक सदस्य के रूप में डब्ल्यूटीओ के मूलभूत सिद्धांतों का पालन करना होता है और कोई जाँच करते समय लिए जाने वाले दायित्वों की किसी भी रूप में अनदेखी नहीं की जाएगी या उनमें कमी नहीं की जाएगी । चूँकि चीन की सरकार को सीएपी के अनुच्छेद 16.1 के अंतर्गत परामर्श का कोई अवसर नहीं दिया गया है इसलिए टीपीएसएसएम जाँच तुरंत समाप्त कर दी जानी चाहिए ।

29. उन्होंने रक्षोपाय संबंधी डब्ल्यूटीओ समिति के चीनी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख द्वारा 1 नवंबर, 2002 के पत्र से उद्धरण प्रस्तुत किया है :

"मैं डब्ल्यूटीओ के किसी अन्य सदस्य द्वारा चीन के शामिल होने से संबंधित प्रोटोकॉल के पैरा-16 के अंतर्गत परिवर्ती उत्पाद विशिष्ट रक्षोपाय तंत्र का सहारा लेने के बारे में अपनी भारी चिंता व्यक्त करना चाहूंगा । परिवर्ती उत्पाद विशिष्ट रक्षोपाय तंत्र डब्ल्यूटीओ के भेदभाव रहित मूल सिद्धांत के खिलाफ है और चीन इस तथ्य को नोट करता है कि चीन के शामिल होने से संबंधित कार्यदल के कई सदस्यों ने यह मत व्यक्त किया कि उक्त तंत्र का सहारा लेने में अत्यधिक सावधानी बरती जाएगी और यह कि इसे ऐसी अति विशेष परिस्थितियों में लागू किया जाएगा, जिनमें व्यापार उपचार के अन्य उपाय लागू नहीं होते हैं । हमें आशा है कि डब्ल्यू टी ओ के अन्य सदस्य इस समझौते का पालन करेंगे । इस प्रकार के इस तंत्र का बार-बार उपयोग करने से बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली में सक्रिय एवं रचनात्मक भूमिका लेने में चीन के उत्साह में बाधा ही आएगी ।"

30. उन्हें उत्तर दायर करने के लिए 30 दिन का अनिवार्य समय भी नहीं दिया गया है और इस प्रकार जांच की शुरूआत कानूनन दोषपूर्ण है ।

31. उन्होंने यह भी तर्क दिया है कि आयातों में गिरावट आ रही है और इस प्रकार आयातों में कोई वृद्धि नहीं हुई है । वर्ष 2009 की ति3 तथा ति4 में चीन से आयातों में गिरावट आई है । जनवरी, 2010 में भारत को मात्र 2000 मी.ट. का निर्यात हुआ था । इसके अलावा, अन्य देशों से हुए आयातों में वृद्धि हुई है ।

32. उत्पादन, बिक्री, क्षमता उपयोग तथा बाजार हिस्से में उर्ध्वगामी प्रवृत्ति दिखाई दे रही है ।

33. सोडा ऐश का विनिर्माण करने वाली कंपनी ने भारी मुनाफा कमाया है ।

34. ऐसा कोई मात्रात्मक प्रभाव, कीमत प्रभाव नहीं पड़ा है जिससे घरेलू उद्योग पर परिणामी प्रभाव का पता चल सके । इसके अलावा, आवेदन में किसी कीमत प्रभाव की पुष्टि नहीं की गई है।

35. चीन के पास बेशी क्षमताएं होने आदि के बारे में दावे अपुष्टिकृत हैं ।

36. भारतीय बाजार में चीन से हुए आयात का बाजार हिस्सा काफी कम है । क्षमता उपयोग, बिक्री, उत्पादन तथा बिक्री प्राप्ति से इस उपाय के समय विस्तार को समर्थन नहीं मिलता है ।

37. कम निर्यात, निवल बिक्री प्राप्ति से कम लाभ प्राप्त हो सकता है । जिन अन्य कारकों से क्षति हो सकती है, उन पर विचार करना चाहिए ।

<u>आयातकों/प्रयोक्ता उद्योगों के विचार</u>

38. ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ डिटरजेंट मैन्युफैक्चरर्स (एआईएफडीएम), ऑल इंडिया ग्लॉस मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन्स (एआईजीएमएफ), I-ग्लास, सेंटगोबेन ग्लास इंडिया लिमिटेड, आशी, इंडिया ग्लास लि., गुजरात गार्जियन लि., हिंदुस्तान लीवर लि. रोहित सर्फेक्टेंस प्रा. लि. तथा अन्य ने अपने काउंसिल के जरिए निम्नलिखित अनुरोध किए हैं :-

39. उन्होंने डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय : अमरीका-कोरिया से सर्कुलर वेल्डेड कार्बन क्वालिटी लाइन पाइप के आयातों पर निश्चयात्मक रक्षोपाय को उद्धृत किया "यह स्मरण करना उपयोगी है कि रक्षोपाय आपात स्थितियों में किए जाने वाले असाधारण उपचार हैं । इसके अलावा, ये ऐसे उपचार हैं, जिन्हें किसी अनुचित व्यापार व्यवहार के किसी आरोप के अभाव में आयात प्रतिबंधों के रूप में लागू किया जाता है । उदाहरणार्थ इसमें रक्षोपाय पाटनोधी शुल्क तथा प्रतिसंतुलनकारी शुल्क से लेकर प्रति सब्सिडी तक अलग-अलग होते हैं जो अनुचित व्यापार व्यवहारों की प्रतिक्रिया में लागू किए जाते हैं ... " और यह तर्क दिया है कि रक्षोपाय केवल आपवादित स्थितियों में ही लागू किए जाने चाहिए ।

40. घरेलू उत्पादकों में से दो उत्पादकों की विदेशों में विनिर्माण सुविधाएं हैं । टाटा कैमिकल ने दिसंबर, 2005 में केन्या में मगादी सोडा तथा जीएचसीएल ने वर्ष 2005 में रोमानिया में एससी बेगा उप सम एसए को अपने कब्जे में लिया था । हाल की अवधि में चीन से आयातों में गिरावट आई है और अन्य देशों से आयातों में वृद्धि हुई है । चीन पर सतत रक्षोपायों से केवल केन्या/रोमानिया से उनके आयातों में मदद मिलेगी । उन्होंने इसी कारण से चीन से हुए आयातों को ही लक्ष्य बनाते हुए टीपीएसएसएम उपाय का चयन किया है । इस प्रकार वे टीपीएसएसएम का उपयोग अपने भारतीय प्रचालनों की रक्षा करने के उपाय के रूप में नहीं क रहे हैं, अपितु केन्या या रोमानिया से निर्यात हेतु मुक्त बाजारर सुनिश्चित करने के लिए कर रहे हैं । टीपीएसएसएम का उद्देश्य ऐसे प्रयोजनों को सिद्ध करना नहीं है ।

41. घरेलू उद्योग ने अत्यंत संरक्षणवादी नीति बनाई है और एक कार्टेल का गठन किया है । उन्होंने प्रति मी.ट. अधिक मार्जिन रखते हुए कम बिक्री करने और अधिक मुनाफ कमाने की नीति अपनाई है । उनका प्रयोक्ताओं से कोई सरोकार नहीं है और इस प्रकार शुल्क लागू करना जनहित के खिलाफ है ।

42. आयात अनिवार्य हैं क्योंकि वे काफी अधिक मुनाफे पर उत्पाद बेच रहे हैं ।

43. वस्तुत: घरेलू उद्योग मुनाफे में चल रहा है और इसमें वृद्धि हो रही है इसलिए चीन से हुए आयातों के कारण अत्यधिक वास्तविक क्षति का कोई मामला नहीं बनता है ।

44. भारतीय कास्टिक सोडा अत्यंत कारगर है जैसा कि अन्य की तुलना में भारतीय उत्पादन लागत से देखा जा सकता है ।

उत्पादन की नकद लागत (अम.डॉ.में)



45. समीक्षा की कार्रवाई क्षेत्राधिकार रहित है । समूची कार्यवाही आदित: शून्य है क्योंकि क्षेत्राधिकार ही नहीं है । मामले के गुण-दोष की परख करने से पूर्व रक्षोपाय महानिदेशालय द्वारा क्षेत्राधिकार के मुद्दे को सर्वप्रथम तय करना चाहिए । महानिदेशक की शक्तियां सतत शुल्क अधिरोपण अथवा शुल्क समाप्ति की संस्तुति करने तक सीमित हैं । दोनों स्थितियों में पहले से लागू शुल्क की अवधि को बढ़ाने की जांच करने की कोई गुजाईश नहीं होती है । पहले से लागू शुल्क की शेष अवधि के लिए शुल्क में अंतर करना तभी संभव है जब ऐसे शुल्क की अवधि तीन वर्ष से अधिक हो गई हो । रक्षोपाय महानिदेशक को तीन वर्ष से कम अवधि के लिए शुरू की गई जांच की स्थिति में उसकी अवधि किसी भी हालत में बढ़ाते हुए शुल्क में अंतर करने की कोई शक्ति प्रदान नहीं की गई है । मौजूदा रूप में अथवा परवर्तित रूप में शुल्क को सतत रूप से लगाए जाने का तात्पर्य यह नहीं है कि शुल्क आरंभिक अधिरोपण अवधि से आगे लागू होगा ।

46. नियम 17 के अंतर्गत शुल्क में कोई समय विस्तार अनुमत्य नहीं है । शुल्क में किसी समय विस्ता का तात्पर्य शुल्क को इस ढंग से नए सिरे से लागू करना है जो नियम 5 के अंतर्गत शुरूआत के आधार पर ही किया जा सकता है ।

47. अधिनियम में कहीं भी समीक्षा की कोई स्पष्ट शक्ति नहीं है तथा प्राधिकारी और शक्ति की विधिमान्यता को केवल धारा 8ग के अधीन प्रदत्त शक्ति के तहत पढ़ा जाना चाहिए ।

48. एक वर्ष से अधिक समय के लिए शुल्क लगाए जाने के विशिष्ट अनुरोध पर तत्कालीन महानिदेशक (रक्षोपाय) द्वारा पहले ही विचार किया जा चुका है और एक वर्ष से अधिक समय के लिए शुल्क न लगाए जाने का निर्णय अंतिम बन चुका है । निर्णय अंतिम बन जाने के बाद महानिदेशक (रक्षोपाय) के निर्णय की समीक्षा नहीं हो सकती है ।

49. रक्षोपाय शुल्क का समय विस्तार रक्षोपाय करार के अनुरूप नहीं है । अनुच्छेद 7 (5) में यह उपबंध है कि "डब्ल्यूटीओ करार के लागू होने की तारीख के बाद किसी उत्पाद के आयात पर, जिस पर ऐसा कोई उपाय लागू किया गया है, पूर्व में लागू किए गए उपाय के बराबर की अवधि

तक कोई रक्षोपाय पुनः लागू नहीं किया जाएगा बशर्ते रक्षोपाय लागू न होने की अवधि कम से कम दो वर्ष की हो ।"

50. उन्हें उत्तर दाय करने के लिए 30 दिन का अनिवार्य समय नहीं दिया गया है और इस प्रकार जांच की शुरूआत कानूनन दोषपूर्ण है । जांच शुरूआत की सूचना पर विचार प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त समय भी नहीं दिया गया था । जांच शुरूआत की सूचना तथा परवर्ती सार्वजनिक सुनवाई कानूनन दोषपूर्ण है क्योंकि इससे कारगर ढंग से बचाव करने के अधिकार में कमी आई है । लिखित अनुरोध तथा उत्तर दायर करने के लिए प्रदत्त समय अपर्याप्त है ।

51. विधिक दायित्व और स्थापित प्रक्रियाओं की अनदेखी की गई है । दूसरी सार्वजनिक सुनवाई निरर्थक हो गई है क्योंकि पर्याप्त समय ही नहीं दिया गया है ।

52. डेन्श सोडा तथा लाइट सोडा विशिष्ट उपयोगों वाले दो अलग-अलग उत्पाद हैं । कांच उद्योग केवल डेन्श सोडा का उपयोग करता है । कांच उद्योग में लाइट सोडा के उपयोग की प्रतिबंधित लागत के कारण कोई वाणिज्यिक प्रतिस्थापनीयता नहीं है । कांच उद्योग में यदि लाइट सोडा का उपयोग किया जाता है तो कांच के प्रति मी.ट. सोडा ऐश की लागत में लाइट सोडा के कम उत्पादन के कारण अत्यधिक वृद्धि हो जाएगी । लाइट सोडा से संयंत्रों और उपकरणों को क्षति पहुंचेगी जिससे बार-बार रख-रखाव की जरूरत होगी औ संयंत्र बंद करने पड़ेंगे । चीन से सोडा ऐश के 80% से अधिक आयात लाइट सोडा के होते हैं अतः दोनों अलग-अलग उत्पाद हैं । यदि डेन्श सोडा को रक्षोपाय जांच के दायरे में लाया जाता है तो डेंश सोडा ऐश के लिए पृथक विश्लेषण करना होगा । चीन के लिए विशिष्ट रक्षोपाय शुल्क का कोई मामला नहीं बनता है क्योंकि अन्य देशों से हुए आयातों में वृद्धि हुई है ।

53. उन्होंने यह भी तर्क दिया है कि आयातों में गिरावट आ रही है और कोई संवर्धित आयात नहीं हुआ है । इसके अलावा यह दर्शाने वाला कोई साक्ष्य नहीं है कि आयात "इतनी अधिक बढ़ी हुई मात्रा" में जारी हैं । यह जरूरी है कि समीक्षा के मामले में भी आयातों की संवर्धित मात्रा की पुष्टि की जाए । दिसंबर, 2009 के बाद आयातों में भारी गिरावट आई है । जनवरी और फरवरी, 2010 के दौरान निर्यात मूल्य काफी अधिक रहा है ।

54. रक्षोपाय "दोष रहित सिद्धांत" पर आधारित है और इसे उन आयातों पर लागू किया जाता है जिन्हें निष्पक्ष रूप से किया जाता है न कि घेलू उद्योग को चोट पहुंचाने की मंशा से । इस प्रकार बाजार विकृति को सिद्ध करने पर निषेध तथवा रक्षोपाय के आवेदन पर विचार करना भी अन्य व्यापार उपचारों से अधिक महत्वपूर्ण है । इसके अलावा, मुक्त व्यापार के प्रभाव को कम करने के लिए अर्थ निरूपण को भी संभव सीमा तक विशिष्ट रूप प्रदान करने की जरूरत है ।

55. उत्पादन, बिक्री, क्षमता उपयोग और बाजार हिस्से में उर्ध्वगामी प्रवृत्ति दिखाई दे रही है । सोडा ऐश का विनिर्माण करने वाली कंपनियों ने भारी मुनाफा कमाया है । घरेलू उद्योग पर परिणामी प्रभाव प्रदर्शित करने वाला कोई मात्रात्मक, कीमत प्रभाव नहीं पड़ा है । इसके अलावा, आवेदन में किसी कीमत प्रभाव की पुष्टि नहीं की गई है । चीन के पास बेशी क्षमता होने के दावे की पुष्टि नहीं की गई है ।

56. बाजार विकृति का कोई मामला नहीं बनता है क्योंकि सभी मापदंडों से ति1, ति2 और ति3 के दौरान सुधार प्रदर्शित होता है । याचिकाकर्ता ने पाटनरोधी याचिका दायर की है और इसलिए रक्षोपाय जांच समाप्त की जानी चाहिए ।

57. घरेलू उद्योग बाजार को नियंत्रित कर रहा है और वह अपनी खुद की उत्पादन लागत की अनदेखी करते हुए कीमतों में एकपक्षीय रूप से घालमेल कर रहा है जो कम बिक्री मात्रा पर अधिक

लाभ कमाने से स्पष्ट हो जाता है । घरेलू उद्योग को न तो कोई क्षति हुई है और न ही कोई बाजार विकृति उत्पन्न हुई है और इस प्रकार संवर्धित आयातों तथा आरोपित बाजार विकृति के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं बन सकता । जो भी आयात हुए हैं वे लागत में कमी के बावजूद उच्च कीमत पर बिक्री करने के घरेलू उद्योग के दंभपूर्ण रवैये के कारण हुए हैं । ऐसा नहीं है कि आयातों से क्षति हो रही है । बल्कि आयात क्रेताओं को बढ़ावा देने की घरेलू उद्योग की नीति के कारण हुए हैं।

58. घरेलू उद्योग के लिए "बाजार विकृति" या "बाजार विकृति के खतरे" की कोई घटना नहीं है क्योंकि बाजार हिस्से, उत्पादन, बिक्री में सुधार प्रदर्शित हुआ है । क्षमता उपयोग के आंकड़ों से यह पता चलता है कि घरेलू उद्योग के निष्पादन में स्थायी प्रवृत्ति बनी हुई है ।

59. सोडा ऐश का उत्पादन करने वाली कंपनियों ने भारी मुनाफा कमाया है जैसा कि उनके तुलन पत्रों से पता चलता है ।

60. रक्षोपाय शुल्क के सतत अधिरोपण हेतु भी बाजार विकृति एक पूर्व शर्त है ।

61. पूर्ववर्ती निर्धारित अवधि से आगे रक्षोपाया शुल्क की अवधि को बढ़ाने के औचित्य का कोई साक्ष्य नहीं है ।

62. घरेलू उद्योग द्वारा मांगे गए पाटनरोधी उपचार की स्थिति में महानिदेशक को वर्तमान जांच शुरू नहीं करनी चाहिए थी ।

63. कीमत पर घरेलू उद्योग द्वारा जोर दिए जाने से यह सिद्ध होता है कि यह मामला रक्षोपाय के दायरे में नहीं आता है । पाटनरोधी महानिदेशक द्वारा इस मुद्दे की जांच की जानी चाहिए ।

64. चीन से हुए आयातों की मात्रा तथा घरेलू उद्योग को हुए मुनाफे के बीच कोई सह-संबंध नहीं है ।

65. बाजार विकृति के आरोपित खतरे तथा चीन से हुए आयातों के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं है क्योंकि उत्पादन, बिक्री, क्षमता उपयोग, लाभ का चीन से हुए आयातों से कोई सह-संबंध नहीं है ।

66. घरेलू उद्योग की स्थापित क्षमता इस देश की मांग से काफी अधिक है । यह अपनी क्षमता को निष्क्रिय रखने के लिए बाध्य है और इससे उत्पादन की लागत में वृद्धि हो सकती है ।

67. मालसूची से संबंधित अनुरोध भ्रामक हैं क्योंकि पिछली मालसूची को अलग नहीं किया गया है ।

68. उच्च कीमत पर संबंधित कंपनी से हुए आयात एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र को लाभ पहुंचाने के अलावा और कुछ नहीं है ।

69. कीमत में कमी रक्षोपाय शुल्क का आधार नहीं हो सकती । कोई बाजार विकृति नहीं हुई है। स्थानीय कारक की वजह से अंतर्निहित अलाभ रक्षोपाय शुल्क लागू करने का आधार नहीं बन सकता।

70. ऐसी कोई क्षति नहीं हुई है जिससे रक्षोपाय शुल्क लागू किए जाने को न्यायोचित ठहराया जा सके । कम क्षमता उपयोग उत्पाद के अन्यत्र प्रयोग की वजह से हो सकता है ।

71. सार्वजनिक हित के लिए यह अपेक्षित है कि महानिदेशक वर्तमान समीक्षा जांच को समाप्त कर दें । एक सोडा ऐश का हिस्सा डिटर्जेंट विनिर्माण व्यापार में प्रयुक्त कच्ची सामग्री का लगभग 40% बनता है । 20% के सतत शुल्क से उत्पादन लागत में कम से कम 7-10% की वृद्धि होगी जिससे किफायती डिटर्जेंटों में उतनी ही मात्रा में कीमत वृद्धि होगी ।

72. रक्षोपाय शुल्क के लाभ एकल हैं इससे भारी मुनाफा कमा रही पांचों घरेलू कंपनियों को 20% का शुद्ध लाभ होगा ।

73. तस्मानिया और रोमानियां से भारत में भारी आयात हुए हैं । जहां घरेलू उद्योग के प्रमुख घटक अर्थात टीसीएल तथा जीएचसीएल ने विनिर्माण सुविधाएं हासिल की हैं ।

74. पाटनरोधी करार के अंतर्गत वास्तविक क्षति और वास्तविक क्षति के खतरे की अवधारणा से संबंधित रक्षोपाय तथा पाटनरोधी कानूनों में ऐसा कोई अंतर नहीं है जो चीन जन.गण. के शामिल होने से संबंधित प्रोटोकॉल में चीन विशिष्ट रक्षोपाय शुल्क के अंतर्गत मौजूदा अवधारणा से विशिष्ट एवं अलग हो ।

75. चीन से सोडा ऐश की पहुंच कीमत अन्य देशों से सोडा ऐश की पहुंच कीमत से अधिक है ।

76. घरेलू उद्योग को लागत का लाभ प्राप्त है क्योंकि उनके पास अनुषंगी उत्पादन सुविधाएं हैं ।

77. घरेलू उद्योग ने बिक्री, उत्पादन, क्षमता उपयोग, निर्यात और लाभ के संबंध में उत्कृष्ट प्रचालनात्मक परिपूर्णता प्रदर्शित की है । मालसूची में वृद्धि का आयात में वृद्धि के साथ कोई करणात्मक संबंध नहीं है ।

78. अवरोधों को दूर कर घरेलू उद्योग की योजना क्षमता विस्तार की है जिससे व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि का पता चलता है ।

79. यदि कोई बाजार विकृति हुई है तो वह कृत्रिम है और वह घरेलू उद्योग के सुविचारित निर्णय के कारण आई है ।

80. उपभोक्ता और उत्पादक उद्योग के बीच भौगोलिक अंतर के कारण घरेलू उद्योग अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग करने में समर्थ नहीं है ।

81. घरेलू उद्योग ने रक्षोपाय शुल्क के मामले में अन्य जांचों के कुछ निर्णयों का हवाला दिया है । यह संगत हैं क्योंकि ये जांचों तुलनीय नहीं हैं ।

82. संवर्धित आयात और गंभीर क्षति के खते के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं हैं । चीन में सब्सिडी अथवा कम कीमत के आरोप संगत नहीं हैं क्योंकि इन्हें पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय के समक्ष बेहतर ढंग से उठाया जाना चाहिए ।

83. वर्तमान स्थिति में रक्षोपाय शुल्क को 19.4.2010 से आगे बढ़ाने की अनुमति नहीं है और इस प्रकार जांच समाप्त की जानी चाहिए । आयात के आंकड़े वास्तविकता से परे हैं ।

84. "व्हील" डिटर्जेंट सर्वाधिक प्रयुक्त एक ब्रांड है जो ग्रामीण उपभोक्ताओं सहित लगभग 70% उपभोक्ताओं की जरूरत की पूर्ति करता है । यह भारत की जनता का प्रतिनिधि है और उसकी कीमत घट-बढ़ सोडा ऐश की कीमत घट-बढ़ से तुलनीय है क्योंकि स्थिति को विकृत करने वाली ऐसी कोई अन्य खास लागत नहीं है ।

85. सोडा ऐश डिटर्जेंट उद्योग के लिए महत्वपूर्ण है । भारत में 50% सोडा ऐश की खपत सोपा डिटर्जेंट उद्योग द्वारा की जाती है । कम कीमत के डिटर्जेंट में भार के अनुसार 20-25% सोडा ऐश का उपयोग किया जाता है जबकि प्रमुख डिटर्जेंटों में भार के अनुसार 30-35% की खपत की जाती है । वर्तमान रक्षोपाय शुल्क का अंतिम उपभोक्ताओं पर 7-10% का प्रभाव पड़ेगा और इस प्रकार इसका सार्वजनिक हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ।

86. व्यापार प्रतिबंधात्मक उपायों का लाभ प्राप्त करना एएमएआई की पुरानी आदत है । यह लाभ कमाने के साथ कई रक्षोपायों को लागू कराने का एक प्रयास है ।

87. घरेलू और निर्यात बजारों में चीन में प्रचलित कीमत की वर्तमान स्थिति पर उस स्थिति में विचार करने की जरूरत है यदि खतरे का मूल्यांकन करना अपेक्षित हो न कि आवेदकों द्वारा दर्शायी गई पिछली रिर्पोटों के अनुसार ।

88. सोडा प्याज के समान है जिसका उपयोग व्यापक उद्योगों में किया जाता है । वस्तुत: अगस्त, 2008 में कीमत वृद्धि को रोकने के लिए सरकार सोडा ऐश के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास कर रही थी (ईटी दिनांक 2.8.2008 में सूचित) ।

89. घरेलू उद्योग के पास कोई भी समायोजन योजना नहीं है । चीन डब्ल्यू टी ओ में शामिल हो गया है । रक्षोपाय करार इस मामले में लागू है जिसमें समायोजन योजनाओं का उल्लेख है । अत: समायोजन योजना के अभाव में आवेदन को रद्द करने की जरूरत है ।

90. बाजार विकृति का अनुमान लगाते हुए यह बाजार विकृति आयातों के कारण नहीं आई है ।

91. सार्वजनिक हित : सोडा ऐश का उपयोग विभिन्न तैयार उत्पादों के विनिर्माण हेतु अनेक उद्योगों द्वारा किया जाता है । इनकी व्यापक सूची नीचे दी गई है ।

i. घरेलू डिटर्जेंट
ii. साबुन
iii. सफाई यौगिक
iv. फ्लोट ग्लास
v. कंटनेर तथा विशिष्टता काँच
vi. अनेक प्रकार के भारी एवं औद्योगिक रसायन
vii. निम्नलिखित में व्यापक उपयोग
viii. वस्त्र उद्योग
ix. कागज उद्योग
x. धात्विक उद्योग
xi. डिसैलिनेशन संयंत्र
xii. जलशोधन
xiii. रबड़ उद्योग
xiv. चर्म उद्योग
xv. अल्यूमीनियम उद्योग
xvi. सोडा ऐश निम्नलिखित के विनिर्माण में भी एक प्रमुख संघटक है
xvii. बल्क ड्रग

xviii. सैक्रीन

xix. सफोलिन

92. सोडा ऐश के विभिन्न उपयोग होने के कारण यह स्पष्ट है कि रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने से अंतिम प्रयोक्ताओं और विभिन्न प्रकार के उत्पादों के उपभोक्ताओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा । इसकी आगे परिणति निरमा जैसे समेकित उत्पादकों के लिए अनुचित लाभ के रूप में होगी । चीन से हुए आयातों पर एक बार रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने के बाद घरेलू उद्योग केन्या और रोमानिया स्थित अपनी संबद्ध कंपनियों से आसानी से आयात करेगा और अंतिम प्रयोक्ताओं तथा उपभोक्ताओं के हित की लागत पर कीमतों में वृद्धि करेगा ।

93. संक्षेप में समीक्षा की कार्रवाई समाप्त की जाए ।

जाँच एवं जाँच परिणाम

94. मामले के रिकॉर्ड के अनुसार घरेलू उत्पादकों, प्रयोक्ताओं, आयातकों, निर्यातकों तथा निर्यातक देश द्वारा दायर उत्तरों का विश्लेषण किया गया है । विभिन्न पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों और उनसे उत्पन्न मुद्दों पर इस जांच परिणाम में नीचे उचित स्थानों पर कार्रवाई की गई है ।

क्षेत्राधिकार

95. सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 8 ग चीन जन.गण. से आयातों पर परिवर्ती उत्पाद विशिष्ट रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने के बारे में है । धारा 8ग (1) में किसी वस्तु पर उस स्थिति में रक्षोपाय शुल्क लगाने का प्रावधान है कि यदि चीन चन.गण. से भारत में उक्त वस्तु का आयात इतनी अधिक बढ़ी हुई मात्रा और ऐसी स्थिति में किया जा रहा है जिससे घरेलू उद्योग के लिए बाजार विकृति उत्पन्न हुई है या उसका खतरा पैदा हो गया है । धारा 8 ग में रक्षोपाय में रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने की अवधियों की संख्या पर अथवा उस अवधि पर कोई प्रतिबंध नहीं है जिस अवधि के लिए धारा 8 ग (5) के अंतर्गत अवधि को छोड़कर शुल्क लगाया जा सकता है । इस धारा में यह प्रावधान है कि रक्षोपाय शुल्क उसके लगाए जाने की तारीख से 4 वर्ष के बाद तुरंत समाप्त हो जाएगा परंतु रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने की अवधि को सर्वप्रथम रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने की तारीख से 10 वर्ष की अवधि तक बढ़ाया जा सकता है । अतः सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 8 ग में रक्षोपाय शुल्क की अवधि को बढाए जाने अथवा नया रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने सहित रक्षोपाय शुल्क को निरंतर लगाए जाने का प्रावधान है ।

96. सीमाशुल्क टैरिफ (परिवर्ती उत्पाद विशिष्ट रक्षोपाय शुल्क) नियम, 2002 में जांच को शासित करने वाले तरीके और सिद्धांतों का प्रावधान है ।

97. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि इस नियम में रक्षोपाय शुल्क की अवधि को बढ़ाने का प्रावधान नहीं है । उनका तर्क इस बिना पर आधारित है कि रक्षोपाय शुल्क को निरंतर रूप से लगाए जाने के अर्थ में रक्षोपाय शुल्क की अवधि को बढ़ाना शामिल नहीं है । अतः "जारी रखने" के अर्थ का अध्ययन किया गया है ।

98. कैम्ब्रिज शब्दकोश में "जारी रखने" शब्द को "बने रहने, विद्यमान रहने अथवा कुछ करने अथवा कुछ कराने या ऐसा कुछ करने"; "विराम के बाद किसी चीज को पुनः शुरू करने"[1] के रूप में परिभाषित किया गया है ।

---

[1] • बने रहना, विद्यमान रहना अथवा कुछ करना अथवा कुछ कराना या ऐसा कुछ करना"; "विराम के बाद किसी चीज को पुनः शुरू करना

• विराम के बाद किसी चीज को पुनः शुरू करना
स्रोत: कैम्ब्रिज शब्दकोश

99. मरीयम बैवस्टर शब्दकोश में "जारी रखने" शब्द को "किसी स्थिति, कारण अथवा कार्यवाई में व्यवधान डाले बिना उसे बनाए रखने; "मौजूद रखने" ; किसी स्थान अथवा स्थिति में बने रहने ; "व्यवधान के बाद कोई कार्यकलाप पुन: शुरू करने"; "बनाए रखने, अनुरक्षित रखने"; "जारी रखने, अथवा उसे आगे बढ़ाने"; अंतराल के बाद पुन: शुरू होने"[2] के रूप में परिभाषित किया गया है ।

100. "समय विस्तार" का तात्पर्य दूरी, स्थान या समय को बढ़ाने [3] से है ।

101. अत: " जारी रखने " अथवा " समय विस्तार " के अर्थ में पारस्परिक अनन्य व्याख्या निहित नहीं है । यदि किसी का समय विस्तार किया जाता है तो नैसर्गिक शब्दार्थ यह बनता है कि वह जारी है, यदि किसी चीज को बढ़ाई जाने वाली अवधि से आगे जारी रखा जाना है ।

102. इसके अलावा, सीमाशुल्क टैरिफ (परिवर्ती उत्पाद विशिष्ट रक्षोपाय शुल्क) नियम, 2002 में उक्त शुल्क को सतत लागू रखने की सिफारिश करने का प्रावधान है । यदि ऐसा रक्षोपाय शुल्क "बाजार विकृति" को रोकने या उसका समाधान निकालने के लिए आवश्यक हो । इसका तात्पर्य यह है कि बाजार विकृति की स्थिति में भी समीक्षा की जा सकती है ।

103. सीमाशुल्क टैरिफ (परिवर्ती उत्पाद विशिष्ट रक्षोपाय शुल्क) नियम, 2002 के नियम 4 में महानिदेशक को यह दायित्व सौपा गया है कि वह रक्षोपाय शुल्क को जारी रखने की जरूरत की समीक्षा करे । यह समीक्षा जांच के जरिए ही संभव है जिसके लिए जांच की शुरूआत एक पूर्वापेक्षित शर्त है । अत: "समय विस्तार" अथवा "जारी रखने" के अर्थ के साथ पठित धारा 8 ग, नियम 4, नियम 16 और नियम 17 के सुमेलीकृत पाठन से मौजूदा शुल्क के समय विस्तार की जरूरत सहित रक्षोपाय शुल्क को सतत रूप से लगाने की जरूरत हेतु जांच अपेक्षित है ।

104. अत: विराम के साथ या उसके बिना 19.4.2010 के आगे रक्षोपाय शुल्क को सतत रूप से लागू रखने हेतु जांच कानूनन सही है ।

105. तद्नुसार, यह जांच उक्त नियमों के अनुसार की गई है और अपनी अधिसूचना के जरिए अंतिम जांच परिणाम दर्ज किए गए हैं ।

जांचाधीन उत्पाद

106. **जाँचाधीन उत्पाद :** जांचाधीन उत्पाद डाई सोडियम कार्बोनेट जिसका लोकप्रिय नाम सोडा ऐश है और जिसका रासायनिक सूत्र Na_2CO_3 है । सोडा ऐश एक सफेद, दानेदार और जल में घुलनशील पदार्थ है । इस आदेश में इसका उल्लेख " सोडा ऐश " के रूप में किया गया है । सोडा ऐश सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की प्रथम अनुसूची की उपशीर्ष 283620 के अंतर्गत वर्गीकरणीय है । सोडा ऐश का उत्पादन दो रूपों- लाइट सोडा ऐश तथा डेन्स सोडा ऐश में किया जाता है । घरेलू उद्योग द्वारा दोनों प्रकार के सोडा ऐश का उत्पादन किया जाता है और आयात भी दोनों प्रकारों के होते हैं । दोनों प्रकारों में अंतर बल्क घनत्व का है । रासायनिक रूप से सोडा ऐश के दोनों प्रकार समान हैं । चीन से आयातित डेन्स सोडा ऐश तथा घरेलू रूप से उत्पादित सोडा ऐश के बीच भौतिक या रासायनिक विशेषताओं के संबंध में कोई खास अंतर नहीं है । इसके अलावा,

---

[2] **क** : पूरी लंबाई तक बढ़ाना **ख:** पूरी ताकत से दौड़ाना (घोड़े के समान) **ग:** पूर्ण क्षमता तक मेहनत करना **घ:** (कसी सस्ते पदार्थ या परिवर्तक को मिलाकर) बल्क को बढ़ाना (2) अपमिश्रण करना

[3] (मध्यकालीन अंग्रेजी, मध्यकालिन लैटिन संग्रह अथवा एंग्लोफ्रेंच संग्रह से) विस्तार की रिट द्वारा कब्जा (यथाभूमि) कब्जा लेना **ख** : अप्रचलित : बल पूर्वक हथियाना

4.**क:** प्रस्ताव करना **ख:** उपलब्ध कराना **5क:** पहुंचाना **ख:** बड़ा करना **ग:** आगे विस्तार करना **6क:** या मात्रा को बढ़ाना **ख:** दायरे, अर्थ या प्रयोग को

बढ़ाना **ग:** बढ़ाना चढ़ाना

2. क्षेत्र या अनुप्रयोग में पहुंचना

आयातित लाइट सोडा ऐश तथा घरेलू रूप से उत्पादित लाइट सोडा ऐश के बीच भौतिक या रासायनिक विशेषताओं के संबंध में कोई खास अंतर नहीं है । आयातित सोडा ऐश तथा घरेलू सोडा ऐश के समान या समनुरूप बिक्री माध्यम हैं । दोनों की बिक्री अंतिम प्रयोक्ताओं, वितरकों या खुदरा व्यापारियों को सीधी बिक्री के जरिए की जाती है । इन उत्पादों के समान उपयोगों और ये वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं । कीमत संबंधी सूचना तत्काल उपलब्ध है तथा संबंधित उत्पाद एवं घरेलू उत्पादकों के उत्पाद मुख्यतः कीमत के मामले में प्रतिस्पर्धा करते हैं । अतः आयातित सोडा ऐश घरेलू रूप से उत्पादित के " समान या प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धी " है ।

घरेलू उद्योग

107. सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 9ग(7)(क) में घरेलू उद्योग को निम्नानुसार परिभाषित किया गया है :

(ख) " घरेलू उद्योग " से ऐसे उत्पादक अभिप्रेत हैं-

i. जो समग्र समान वस्तु या भारत में प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धी वस्तु के उत्पादक हैं;

ii. जिनका समान वस्तु या भारत में प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धी वस्तु का सामूहिक उत्पादन भारत में उक्त वस्तु के कुल उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है ।

108. भारत में जो प्रमुख उत्पादक सोडा ऐश का विनिर्माण करते हैं वे निम्नानुसार हैं :

i. टाटा कैमिकल्स लि.
ii. गुजरात हैवी कैमिकल्स लि.
iii. सौराष्ट्र कैमिकल्स लि.
iv. डीसीडब्ल्यू लि.
v. निरमा लि. और
vi. तूतिकोरिन अल्कली कैमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लि.

109. इन उत्पादकों के हिस्से का उल्लेख नीचे तालिका 1 में किया गया है । निम्नलिखित उत्पादकों ने " घरेलू उद्योग " के रूप में विचार करने का अनुरोध किया है :

i. मै. टाटा कैमिकल्स लि., अँधेरी (पू.), मुंबई;
ii. मै. गुजरात हैवी कैमिकल्स लि., नोएडा;
iii. मै. सौराष्ट्र कैमिकल्स लि., बिरला सागर, पोरबन्दर, गुजरात
iv. मै. डीसीडब्ल्यू लि., मुम्बई और
v. मै. निरमा लि., भावनगर, गुजरात

तालिका-1

भारत के कुल उत्पादन में अलग-अलग उत्पादकों का हिस्सा

	इकाई का नाम	2005-06	2006 07	2007-08	2008 09
1	डीसीडब्ल्यू लि.	3.81%	3.80%	3.90%	3.91%
2	जीएचसीएल लि.	23.35%	24.70%	28.37%	29.49%
3	निरमा लि.	22.95%	21.66%	17.21%	18.31%
4	सौराष्ट्र कैमिकल्स लि.	10.64%	6.57%	13.26%	11.51%
5	टाटा कैमिकल्स लि.	35.37%	39.17%	37.27%	36.78%
6	तूतीकोरिन अल्कली कैमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स	3.89%	4.09%	0.00%	0.00%
	महायोग	100.00%	100.00%	100.00%	100.00%
	भारतीय उत्पादकों, जिन्होंने याचिका का समर्थन किया, का हिस्सा	96.11%	95.91%	100.00%	100.00%
*	अन्य भारतीय उत्पादकों के हिस्से	3.89%	4.09%	0.00%	0.00%

110. यह पाया गया है कि वर्ष 2008-09 में सोडा ऐश का उनका उत्पादन कुल भारतीय घरेलू उत्पादन का 100% बनता है । चूँकि उपर्युक्त उत्पादकों का सामूहिक उत्पादन भारत में सोडा ऐश के कुल उत्पादन का 100% बनता है और किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने इस आशय का कोई तर्क नहीं दिया है कि ये उत्पादक घरेलू उद्योग नहीं हैं इसलिए उपर्युक्त घरेलू उत्पादक सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम 1975 की धारा 8ग(7) के अंतर्गत परिभाषित " घरेलू उद्योग " के अर्थ के भीतर " घरेलू उद्योग " हैं ।

सूचना की पद्धति एवं स्रोत

111. आयात के उद्देश्य से आंकड़ों की विश्वसनीयता डीजीसीआईएस आंकड़ों पर वित्तीय वर्ष 2007-08 तक और बाद की अवधि के लिए आईबीआईएस पर रखी गई है । सूचना के लेन-देन वार ब्यौरे सार्वजनिक फाइल में रखे गए हैं । भारत के सभी विनिर्माताओं से संबंधित अन्य आर्थिक मानदंड अल्कली मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएमएआई) और अलग-अलग एककों से लिए गए हैं । यदि अन्य किसी सूचना का इस्तेमाल किया गया है, तो स्रोत का उल्लेख सूचना के साथ किया गया है ।

112. विश्लेषण के प्रयोजनार्थ तिमाही के आंकड़ों का विश्लेषण हेतु प्रयोग किया गया है । मौसमी अंतर के प्रभावों से बचने के लिए पूर्ववर्ती वर्ष की समान अवधि के साथ तुलना की गई है । इसके अलावा बाजार विकृति अथवा बाजार विकृति के खतरे के निर्धारण हेतु आर्थिक कारकों का विश्लेषण करते समय क्रम 2 तथा क्रम 3 की संख्या का उपयोग करते हुए विश्लेषण किया गया है ।

113. **आयात :** निम्नलिखित तालिका में सोडा ऐश से संबंधित तिमाही आयात आंकड़े दिए गए हैं ।

तालिका 2

	चीन से सोडा ऐश के आयात मात्रा (मी.ट. में)			
	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
ति1	17,836	2,256	10,046	1,10,329
ति2	19,112	6,362	10,716	53,686
ति3	7,929	21,268	20,261	48,560
ति4	16	7,804	67,624	-

तालिका 3

चीन से इतर देशों से सोडा ऐश के आयात मात्रा (मी.ट.)				
	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
ति1	58,923	49,666	50,333	41,195
ति2	62,139	63,236	55,566	83,735
ति3	56,241	1,13,356	42,825	91,070
ति4	35,326	90,233	33,778	-

तालिका 4

भारत में सोडा ऐश के कुल आयात मात्रा (मी.ट. में)					
	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
ति1	30,166	76,759	51,922	60,379	1,51,523
ति2	44,637	81,251	69,598	66,282	1,37,421
ति3	38,733	64,170	1,34,623	63,086	1,39,630
ति4	38,280	35,342	98,037	1,01,402	-

114. चीन से आयातों में वृद्धि दिसंबर, 2008 में शुरू हुई । रक्षोपाय शुल्क के कारण आयात में वृद्धि की गति कम रही । तथापि, तिमाही आयात रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने के बाद भी पूर्ववर्ती वर्षों में हुए तिमाही आयातों से अधिक रहे । चीन से आयात वर्ष 2008 में हुए 48, 827 मी.ट. की तुलना में 2009 में 2,80,199 मी.ट. के हुए ।

115. **आयात में तुलनात्मक वृद्धि:** भारत के कुल बाजार आकार में आयात का हिस्सा निम्नलिखितानुसार रहा है :-

तालिका 5

वर्ष		बाजार हिस्सा (%)		
		चीन	घरेलू उत्पादक	अन्य
2005-06	ति1	0.01	94.19	5.81
	ति2	0.91	91.91	7.18
	ति3	0	92.68	7.32
	ति4	0.72	93.11	6.17
2006-07	ति1	3.07	86.80	10.14
	ति2	3.63	84.58	11.79
	ति3	1.46	88.16	10.38
	ति4	0.00	93.76	6.24
2007-08	ति1	0.42	90.30	9.28
	ति2	1.34	85.35	13.31
	ति3	3.36	78.75	17.89
	ति4	1.27	84.01	14.72
2008-09	ति1	1.82	89.07	9.11
	ति2	2.00	87.61	10.39
	ति3	4.05	87.38	8.57
	ति4	11.62	82.57	5.80
2009-10	ति1	17.74	75.63	6.62
	ति2	9.68	75.23	15.09
	ति3	7.97	77.16	14.87

116. चीन से हुए आयातों के बाजार हिस्से में 2009-10 की ति.1 तक वृद्धि हुई परंतु रक्षोपाय शुल्क के कारण 2009-10 की ति.2 में गिरावट शुरू हो गई । तथापि, चीन के आयातों का हिस्सा पिछले तीन वर्षों के हिस्से से काफी अधिक रहा ।

वे स्थितियां जिनमें चीन से आयात हो रहे हैं

117. निम्नलिखित तालिका में चीन से आयात की कीमत निहित है और ग्राफ में चीन तथा अन्य देशों से आयातों का मूल्य/मी.ट. का ग्राफिकल प्रतिनिधित्व दर्शाया गया है । इसके अलावा, निम्नलिखित तालिका में आयातों का तिमाही औसत मूल्य निहित है ।

तालिका 6

आयात कीमत-चीन (रू./मी.टन)					
	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
ति1	37,817	8,503	9,184	12,559	10,008
ति2	8,765	8,492	10,540	15,721	9,354
ति3	-	8,824	10,300	13,221	8,976
ति4	8,794	44,446	12,393	10,649	

सीआईएफ मूल्य/मी.ट. (चीन से) **आयातों का मूल्य/मी.ट.**



118. अक्टूबर, 2008 से पूर्व चीन से आयात अन्य देशों से हुए आयातों की कीमत से अधिक कीमत पर होते रहे । वित्तीय मंदी के बाद प्रवृत्ति बदली तथा चीन से आयात अन्य देशों से हुए आयात की कीमत से कम कीमत पर होने शुरू हो गए । यह प्रवृति वर्ष 2009 के दौरान जारी रही । यह भी देखा गया है कि वर्ष 2009 के दौरान चीन से आयात की कीमत में गिरावट जारी रही । पूर्ववर्ती वर्ष की संबंधित तिमाहियों की तुलना में 2009-10 की ति3 और ति2 में सीआईएफ मूल्य में गिरावट क्रमश: 32.1% तथा 29.25% रही ।

119. **चीन से सतत संवर्धित आयात के कारण :** दिनांक - के अंतिम जांच पणिम में यह स्पष्ट किया गया था कि वर्ष 2008 के मध्य में शुरू हुई अभूतपूर्व तथा असामान्य मंदी के कारण कई देशों में विकास की गति धीमी रही । मंदी का प्रभाव अलग-अलग देशों में अलग-अलग रहा है । मंदी के कारण आई सामान्य मंदी से चीन के घरेलू एवं निर्यात बाजार दोनों में मांग में कमी आई जिससे चीन में बंशी क्षमता उपलब्ध हो गई । ऐसी स्थिति से निपटने के लिए चीन ने अपारंपरिक बाजार का पता लगाया । भारत चीन का पारंपरिक बाजार नहीं रहा है जैसा कि चीन से भारत में हुए आयातों की मात्रा से स्पष्ट हो जाता है जो सितंबर, 2008 तक काफी कम मात्रा में हुए थे । तथापि, विश्व अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाली मंदी के

बाद चीन के लिए भारत महत्वपूर्ण बाजार बन गया जैसा कि चीन से कम मूल्य पर हुए संवर्धित हुए आयातों से स्पष्ट होता है । चीन द्वारा कीमत में अचानक कमी किए जाने के कारण चीन से हुए आयातों में तेजी से वृद्धि हुई और चीन भारत के लिए सोड़ा ऐश का प्रमुख निर्यातक बन गया ।

120. उस समय विद्यमान परिस्थियां जारी रही क्योंकि बेशी उत्पादन और क्षमता मौजूद रही । चीन के लिए भारत अत्यंत प्रमुख बाजार बन गया था और वह फोकस बाजार बना रहा । चीन ने वर्ष 2007 और 2008 में भारत को क्रमश: 36000 मी.ट. और 82000 मी.ट. का निर्यात किया परंतु वर्ष 2009 में भारत को हुए कुल निर्यात 305,000 मी.ट. के स्तर पर पहुंच गए । वर्ष 2008 में चीन द्वारा भारत को किए गए निर्यात 82,000 मी.ट. से 3.7 गुना बढ़कर चीन से भारत को हुए आयातों पर रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने के बाद भी 2009 में 305 हजार मी.ट. के हो गए । भारत को हुए निर्यात में यह वृद्धि इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, वियतनाम और फिलीपीन्स जो चीन में सोड़ा ऐश के उत्पादकों के पारंपरिक बाजार रहे हैं, का र्यित में गिरावट के कारण हुई है । इस प्रकार चीन के लिए भारत फोकस बाजार बना हुआ है जैसा कि निम्नलिखित ग्राफ से स्पष्ट हो जाता है । भारतीय बाजार हेतु चीन में सोडा ऐश के उतपादकों का सतत फोकस होने के कारण रक्षोपाय शुल्क के बाद भी चीन से भारत में अधिक आयात हुए हैं ।

ग्राफ 3
भारत तथा अन्य देशों को चीन द्वारा किए गए निर्यात



बाजार अवरोध के खतरे से संबंधित प्रमाणों का मूल्यांकन:

सांविधिक ढांचा:

121. सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 8ग (7) (ख) में स्पष्ट है कि जब कभी घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित प्रत्यक्ष रूप से प्रतिस्पर्धी वस्तु या उस जैसी वस्तु का आयात तेजी से बढ़ता है, चाहे पूर्ण रूप से बढ़े अथवा सापेक्ष रूप से बढ़े जो वास्तविक क्षति का महत्वपूर्ण कारण हो, अथवा जिससे घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति का खतरा हो, "बाजार अवरोध" उत्पन्न होगा । इसमें यह भी परिभाषित है कि "बाजार अवरोध के खतरे" का अभिप्राय बाजार अवरोध के स्पष्ट एवं आसन्न खतरे से है ।

122. तथापि, "वास्तविक क्षति" की परिभाषा न तो अधिनियम में पाई जाती है और न ही सीमाशुल्क टैरिफ (संक्रमणकालीन विशिष्ट रक्षोपाय शुल्क) नियम, 2002 में पाया जाता है । अत: निदेशालय द्वारा पिछली जांचों में अपनाई गई परिपाटी तथा अन्य देशों के कानूनों और परिपाटियों का अध्ययन किया गया । यह पाया गया कि चीन के आयातों की तुलना में रक्षोपाय शुल्क से संबंधित यू एस ए के कानून में "वास्तविक क्षति" की परिभाषा दी गई है । "वास्तविक क्षति" शब्द यू एस ए के व्यापार अधिनियम, 1974 की धारा 406 में तथा यू एस ए के टैरिफ अधिनियम, 1930 के शीर्षक VII में दिखाई देती है । 1930 के टैरिफ अधिनियम के शीर्षक VII में "वास्तविक क्षति" को "वह क्षति जो अपरिणामी, अवास्तविक अथवा महत्वहीन न हो" के रूप में परिभाषित किया गया है ।

123. यह भी नोट किया गया है कि बाजार अवरोध परीक्षण गंभीर क्षति परीक्षणों की अपेक्षा अधिक आसानी से पूरे किए जाने के इरादे से होते हैं । वास्तविक क्षति शब्द "गंभीर क्षति" शब्द की अपेक्षा कम मात्रा में क्षति दर्शाता है

124. तद्नुसार, बाजार अवरोध अथवा बाजार अवरोध के खतरे के लिए संगत नियमों में उल्लिखित सभी पहलुओं तथा अन्य कारकों, जैसा कि इसकी स्थिति है अथवा भविष्य का पूर्वानुमान लगाए जाने योग्य स्थिति में इसकी संभावना है, । एक भी कारक को निपटान योग्य नहीं माना गया है तथा संगत व्यापार चक्र के भीतर सभी संगत कारकों तथा प्रतिस्पर्धा की स्थितियों, जो प्रभावित उद्योग के लिए संगत हैं, पर विचार किया गया है । बाजार अवरोध अथवा बाजार अवरोध के खतरे का निर्धारण उस उद्योग की स्थिति पर बीच में आने वाले सभी संगत कारकों के आलोक में घरेलू उद्योग की समग्र स्थिति के मूल्यांकन पर आधारित है ।

संगत कारकों की पहचान

125. बाजार अवरोध अथवा बाजार अवरोध के खतरे के अस्तित्व के निर्धारण के लिए निम्नलिखित संगत कारकों का उल्लेख किया गया है :-

i. आयात वृद्धि की दर

ii. वर्धित आयातों द्वारा लिए गए घरेलू बाजार का हिस्सा

iii. बिक्री स्तर में परिवर्तन

iv. उत्पादन

v. उत्पादकता

vi. क्षमता उपयोग

vii. लाभ एवं हानि

viii. रोजगार

ix. उद्गम या निर्यात के देश में निर्यात की क्षमता जो उस समय विद्यमान है अथवा निकट भविष्य में होने की संभावना है और इस बात की संभावना है कि इस क्षमता का उपयोग भारत को निर्यात करने के लिए किया जाएगा;

x. चीन द्वारा निर्यात के लिए भारत को केन्द्र बनाना ।

xi. मालसूची

126. **आयात वृद्धि की दर :** आयात वृद्धि की दर का मूल्यांकन के उद्देश्य से अप्रैल, 2005 से आयात प्रवृत्ति का क्रम 2 के बहुपद प्रवृत्तियां लेकर अध्ययन किया गया है । यह प्रवृत्ति निम्नलिखित चार्ट में दर्शायी गई है । इस प्रवृत्ति की स्थितियां दर्शाती हैं कि आयात में वृद्धि की दर काफी अधिक है । यह भी देखा गया है कि आयात में वृद्धि 2008-09 की ति2 से लेकर 2009-10 की ति1 तक लगातार हुई है । अप्रेल, 2009 में रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने के बाद आयातों में गिरावट आई । तथापि, क्रम 2 के बहुपदीय सतत समय सीमा में प्रवृत्ति के विश्लेषण से यह पता चलता है कि समग्र प्रवृत्ति में वृद्धि का पता चलता है । रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने के बाद आयातों के तिमाही विश्लेषण से यह पता चलता है कि आयात भारी मात्रा में जारी हैं । पिछले चार वर्षों की ति2 और ति3 में आयात की मात्रा के विश्लेषण से यह पता चलता है कि अलग-अलग तिमाहियों में भी आयातों में वृद्धि हुई है । दूसरे शब्दों में रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने के बाद भी अलग-अलग तिमाहियों में हुए आयातों का स्वतंत्र विश्लेषण किए जाने पर आयात में वृद्धि हुई है । इसके अलावा, सतत समय सीमा में समग्र प्रवृत्ति की भी आयात में सकारात्मक वृद्धि दर का पता चलता है । यद्यपि तत्काल पूर्ववर्ती तिमाहियों की तुलना में रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने के बाद पिछली दो तिमाहियों में आयात में गिरावट प्रदर्शित होती है ।





127. **चीन से वर्धित आयात द्वारा लिए गए घरेलू बाजार का हिस्सा:** निम्नलिखित तालिका एवं रेखा चित्र से घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से के बारे में सूचना मिलती है ।

तालिका 7

	घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा (%)			
	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
ति1	87	90	89	76
ति2	85	85	88	75
ति3	88	79	87	77
ति4	94	84	83	

वर्ष 2009 में घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा 80% से कम रहा है जो हमेशा 80% से अधिक रहा था (2008-09 की ति1 में 89.07% तक) । अप्रेल, 2009 में रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने से घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में आने वाली गिरावट में रूकावट आई लेकिन यह 208 के स्तर पर पहुंच गई । रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने के बाद चीन से आयातों के बाजा हिस्से में गिरावट आई परंतु यह 2008 के स्तर से काफी अधिक बना रहा । यह भी देखा गया है कि घरेलू बाजारर में चीन का बाजार हिस्सा रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने के बाद अन्य देशों को चला गया जो एक प्राकृतिक परिदृश्य है क्योंकि अन्य देशों से हुए आयातों पर रक्षोपाय शुल्क लागू नहीं होता है और चीन ने रक्षोपाय शुल्क लागू होने से पूर्व अन्य देशों का हिस्सा कब्जा लिया था ।

128. **बिक्री स्त में परिवर्तन :** निम्नलिखित तालिका में घरेलू उद्योग द्वारा की गई तिमाहीवार बिक्री दर्शायी गई है :

तालिका 8

तिमाही	बिक्री (मी.ट.)				
	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
ति1	4,88,794	5,04,532	4,83,558	4,92,142	4,70,319
ति2	5,07,359	4,45,663	4,05,514	4,68,751	3,95,986
ति3	4,90,616	4,77,618	4,98,893	4,36,845	4,59,593
ति4	5,17,577	5,31,127	5,14,964	4,80,476	

तालिका 8क

	वार्षिक बिक्री (मी.ट.) [जन.-दिस.]			
वर्ष	2006	2007	2008	2009
मात्रा (मी.ट)	1945390	1919092	1912702	1806374

129. वर्ष 2008-09 की चौथी तिमाही और 2009-10 की पहली तिमाही में 2007-08 की चौथी तिमाही और 2008-09 की पहली तिमाही की तुलना में क्रमश: 6.7% तथा 4.43% की गिरावट आई । 2008-09 की चौथी तिमाही वह अवधि थी, जब अनंतिम शुल्क लगाए जाने की सिफारिश की गई थी तथा 2008-09 की पहली तिमाही वह अवधि थी, जब अनंतिम रक्षोपाय शुल्क लगाया गया था । 2009-10 की पहली तिमाही में रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने के बावजूद बिक्री में पिछले वर्ष की उसी तिमाही की तुलना में गिरावट आई । तथापि, वर्ष 2009-10 की ति3 में पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में बिक्री में 5.2% का सुधार देखा गया जो मुख्यत: रक्षोपाय शुल्क के कारण हुआ था । यह भी देखा गया है कि वर्ष 2008 की तुलना में 2009 के दौरान कुल बिक्री में 1 लाख मी.ट. की गिरावट आई जिसमें 6% की गिरावट का पता चलता है ।

130. **उत्पादन** : निम्नलिखित तालिका में घरेलू उद्योग का कुल उत्पादन तथा निर्यातित उत्पादन द्वारा कम किए गए उत्पादन (निर्यात का शुद्ध उत्पादन) तिमाही वार दिया गया है । निर्यात के शुद्ध उत्पादन का विश्लेषण उत्पादन में निर्यात के प्रभाव तथा घरेलू खपत के लिए किए गए उत्पादन की प्रवृत्ति का अध्ययन करने के लिए किया गया है ।

तालिका: 9

	सकल उत्पादन (मी.ट.)				
	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
ति1	5,65,853	5,15,924	5,32,360	5,12,342	5,34,576
ति2	5,68,648	4,87,595	4,25,305	5,11,118	4,67,571
ति3	6,07,843	5,40,916	5,51,124	5,42,399	5,19,181
ति4	5,49,985	5,79,708	5,76,499	5,28,162	

तालिका 10

	निवल निर्यात का उत्पादन (मी.ट.)				
	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
ति1	5,08,720	4,88,405	4,94,992	4,83,482	4,79,999
ति2	5,19,054	4,57,960	4,08,555	4,78,414	4,23,847
ति3	5,37,702	4,83,958	5,20,302	5,04,626	4,67,318
ति4	4,80,705	5,24,963	5,23,591	4,68,523	

तालिका 9क

वार्षिक सकल उत्पादन (मी.ट.)				
वर्ष	2006	2007	2008	2009
मात्रा (मी.ट.)	20,94,420	20,88,497	21,42,358	20,49,490

तालिका 10क

निर्यातों को छोड़कर वार्षिक उत्पादन (मी.ट.)				
वर्ष	2006	2007	2008	2009
मात्रा (मी.ट.)	19,11,028	19,48,812	19,90,113	18,39,687

131. वर्ष 2008-09 की चौथी तिमाही में उत्पादन का यदि पिछले वर्ष की उसी तिमाही से तुलना की जाए तो वह 8.38% कम है । 2008-09 की चौथी तिमाही में उत्पादन 2005-06 से शुरू करके किसी भी वर्ष की चौथी तिमाही में सबसे कम है । 2009-10 की पहली तिमाही में उत्पादन 2008-09 की पहली तिमाही की अपेक्षा अधिक है । चीन से आयातों पर रक्षोपाय शुल्क के बावजूद वर्ष 2009-10 की ति2 और ति3 में उत्पादन 2008-09 की समान तिमाही की तुलना में कम रहा । वर्ष 2009 में वार्षिक सकल उत्पादन में 92,868 मी.ट. की गिरावट आई जिससे 4.33% की गिरावट का पता चलता है । वस्तुत: वर्ष 2009 में हुआ वार्षिक उत्पादन पिछले 4 वर्षों में सबसे कम रहा था ।

132. निवल निर्यात उत्पादन यह दर्शाता है कि 2008-09 की चौथी तिमाही और 2009-10 की पहली तिमाही में घरेलू खपत के लिए बने उत्पादन में गिरावट क्रमश: 10.52% तथा 0.72% रही है । 2009-10 की पहली तिमाही में रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने के बावजूद 2009 की ति2 और ति3 में अधोगामी प्रवृति जारी रही। वर्ष 2009 में घरेलू बाजार के लिए निर्दिष्ट वार्षिक उत्पादन में 1.5 लाख मी.ट. की गिरावट आई जो वर्ष 2008 में आई गिरावट की तुलना में 7.5% है ।

133. अत: यह नोट किया जाता है कि घरेलू खपत के लिए नियत उत्पादन कम रहा है और रक्षोपाय शुल्क का घरेलू उद्योग पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है । तथापि, घरेलू उद्योग वर्ष 2008 या 2007 के दौान विद्यमान निष्पादन के स्तर पर पहुंचने में समर्थ नहीं रहा है । इसकी वजह सतत संवर्धित आयात और चीन में कम कीमत पर निर्यात हेतु सोडा ऐश की उपलब्धता है ।

134. **क्षमता उपयोग** : निम्नलिखित तालिका में क्षमता तथा घरेलू उद्योग के क्षमता उपयोग से संबंधित सूचना दी गई है :-

तालिका 11

संस्थापित क्षमता					
तिमाही	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
ति1	6,75,250	5,94,675	6,57,175	7,19,674	7,19,674
ति2	6,75,250	6,00,758	5,36,505	7,19,674	7,19,674
ति3	6,75,250	6,80,175	6,35,508	7,19,674	7,19,674
ति4	6,18,292	6,81,133	7,19,674	7'19,674	

तालिका 12

संस्थापित क्षमता					
	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
ति1	84	87	81	71	74
ति2	84	81	79	71	65
ति3	90	80	87	75	72
ति4	89	85	80	73	

तालिका13

वार्षिक क्षमता तथा क्षमता उपयोग				
	2006	2007	2008	2009
क्षमता	24,93,900	25,10.321	28,78,696	28,78,696
क्षमता उपयोग	83.98	83.2	74.42	71.2

135. वर्ष 2009 में क्षमता उपयोग वर्ष 2008 के 74.42 के क्षमता उपयोग की तुलना में 71.2% रहा है । यद्यपि, 2009 के दौरान क्षमता में कोई वृद्धि नहीं हुई है और रक्षोपाय शुल्क अप्रैल, 2009 में लगाया गया था । रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने से क्षमता उपयोग में तेजी से गिरावट को रोकने में मदद मिली । वर्ष 2009-10 की ति3 में क्षमता उपयोग वर्ष 2009-10 की ति2 के 65% से बढ़कर 72% हो गया परंतु क्षमता उपयोग 2008-09 की ति3 के क्षमता उपयोग से कम रहा ।

136. **मालसूची** : निम्नलिखित तालिकाओं में घरेलू उद्योग के पास उपलब्ध माल सूची के बारे में सूचना दी गई है ।

तालिका14

मालसूची					
	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
ति1	37,282	26,465	35,822	33,667	81,115
ति2	42,936	39,955	32,061	37,874	62,160
ति3	77,857	44,459	46,997	99,910	83,702
ति4	40,530	28,576	48,891	75,741	

तालिका 15

औसत मालसूची (तिमाही की समाप्ति पर मालसूची का औसत)				
वर्ष	2006	2007	2008	2009
मात्रा (मी.ट.)	37852	35864	55086	75680

137. रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने के बाद भी घरेलू उद्योग की मालसूची में वृद्धि हो रहा है । वर्ष 2009-10 की ति2 में मालसूची 62,160 मी.ट. थी जो 2008-09 की ति2 से दोगुनी से अधिक है । मालसूची में 2009-10 की ति3 में 83,702 मी.ट. के स्तर को पार कर लिया। बढ़ती हुई मालसूची से बाजा के आकार के बढ़ने पर भी अपने उत्पाद को बेचने में घरेलू उद्योग को हो रही कठिनाई का पता चलता है । मालसूची में वृद्धि कम कीमत पर हुए आयातों से उत्पन्न दबाव तथा चीन में उपलब्ध बेशी निर्यात योग्य सोडा ऐश के कारण हुई है ।

138. **लाभ एवं हानि** : निम्नलिखित तालिका में प्रति मी. टन लाभ एवं हानि तथा लाभ एवं हानि दी गई है :-

तालिका 16

प्रति मी.ट. लाभ तथा हानि					
	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
ति1	1,177	2,233	1,494	2,465	2,482
ति2	1,146	1,914	401	2,119	1,397
ति3	1,606	1,918	2,249	1,939	1,150
ति4	2,096	1,789	2,870	3,106	

लाभ तथा हानि (लाख रूपए)					
	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
ति1	5753	11266	7224	12131	11673
ति2	5814	8530	1626	9933	5532
ति3	7879	9161	11220	8470	5285
ति4	10848	9502	14779	14924	

ग्राफ 5

लाभ तथा लाभप्रदत्ता



139. प्रति मी.ट. लाभ तथा हानि एवं कुल लाभ के विश्लेषण से यह पता चलता है कि घरेलू उद्योग को वर्ष 2008-09 की ति3 को छोड़कर 2007-08 की ति3 से 2008-09 की ति4 तक लाभ/मी.ट. में वृद्धि हुई थी । तत्पश्चात लाभ तथा लाभप्रदत्ता में तेजी से गिरावट आई । यद्यपि रक्षोपाय शुल्क अप्रैल, 2009 में लागू किया गया था । रक्षोपाय शुल्क से लाभ एवं लाभप्रदता में आ रही तेजी से गिरावट में रूकावट आई । तथापि, लाभ तथा लाभप्रदता 2007-08 की ति2 को छोड़कर पिछले तीन वर्षों की किसी अवधि से कम बनी रही । लाभप्रदत्ता तथा लाभ में गिरावट की मुख्य वजह चीन से आयात की कीमत में लगातार गिरावट रही है ।

140. **सोडा ऐश की घरेलू कीमतें** : निम्नलिखित तालिका और ग्राफ में प्रति मी.ट. घरेलू निवल बिक्री प्राप्ति की प्रवृति दर्शायी गई है । यह देखा गया है कि वर्ष 2009 में घरेलू निवल बिक्री प्राप्ति में गिरावट आई । घरेलू निवल बिक्री प्राप्ति की प्रवृत्ति चीन की एफओबी की कीमत के समान है जैसा कि चीन से निर्यात के एफओबी मूल्य के घट-बढ़ से पता चलता है ।

निवल बिक्री प्राप्ति					
	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
ति1	7,873	8,404	9,493	12,429	12,877
ति2	8,055	8,760	10,145	14,275	12,129
ति3	8,234	8,620	11,155	14,503	11,894
ति4	8,204	8,650	11,552	14,000	





141. **रोजगार:** निम्नलिखित तालिका में घरेलू उद्योग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों की संख्या दर्शायी गई है ।

तालिका: 17

	रोजगार				
	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
ति1	11,629	8,893	10,641	10,996	10,693
ति2	11,436	10,222	10,488	10,897	10,589
ति3	11,721	10,981	10,944	10,979	10,571
ति4	8,999	10,977	10,741	10,867	

142. दिनांक 06.10.2009 के अंतिम जांच परिणाम में यह पाया गया था कि रोजगार का घरेलू उद्योग की स्थिति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है खासकर तब जब अल्पावधि में सामान्यत: कर्मचारियों की छंटनी संभव न हो । रोजगार के परवर्ती आंकड़ों में ऐसी प्रवृति का पता चलता है ।

143. **उत्पादकता :** प्रति कर्मचारी उत्पादन की दृष्टि से उत्पादकता निम्नलिखित है :-

तालिका 18

	प्रति कर्मचारी उत्पादन (मी.ट/कर्मचारी)				
	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
ति1	49	58	50	47	50
ति2	50	48	41	47	45
ति3	52	49	50	49	51
ति4	61	53	54	49	

144. दिनांक 06.10.2009 के अंतिम जांच परिणाम में यह पाया गया था कि उत्पादकता सीमित दायरे में बनी रही और उत्पादकता का बाजार विकृति के निर्धारण अथवा उसके खतरे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है । परवर्ती आंकड़ों में ऐसी प्रवृति का पता चलता है ।

145. **चीन द्वारा निर्यात के लिए भारत को केन्द्र बनाना :** निम्नलिखित तालिका और रेखाचित्र में चीन से भारत सहित विभिन्न देशों को निर्यात दर्शाया गया है :

तालिका 19

चीन, सोडा ऐश के निर्यात, 2007-2009				
जनवरी - दिसंबर (000 मी.ट.)				
	2007	2008	2009	+/- % 08/09
इंडोनेशिया	395	439	349	-20
दक्षिण कोरिया	395	404	338	-16
भारत	36	82	305	272
थाईलैंड	167	201	191	-5
वियतनाम	196	204	171	-16
जापान	105	127	105	-17
फिलीपीन्स	114	120	101	-15
बंगलादेश	89	117	83	-29
मलेशिया	46	64	68	7
ताईवान	50	46	58	27
कजाकिस्तान	0	7	25	272
आस्ट्रेलिया	1	0	24	n.a
उत्तरी कोरिया	21	26	23	-10
अन्य	22	25	47	88
कुल एशिया -प्रशान्त	**1636**	**1861**	**1889**	**1**
नाईजीरिया	23	74	60	-19
अल्जीरिया	0	23	28	20
सऊदी अरब	0	9	23	145
संयुक्त अरब अमीरात	0	4	15	264
यमन	6	8	8	3
अन्य	23	94	67	-29
कुल अफ्रीका एवं मध्य पूर्व	**52**	**212**	**200**	**-6**
ब्राजील	1	1	63	4333
कोलम्बिया	0	7	31	329
चिली	0	0	14	n.a
वेनेजुएला	1	5	14	206
पेरू	1	5	11	121
अन्य	14	33	34	2
कुल द. एवं म. अमरीका	**17**	**52**	**168**	**223**
इटली	0	1	22	2189
पोलैंड	0	0	20	n.a
स्पेन	0	0	10	n.a
अन्य	0	1	6	376
कुल यूरोप	**0**	**2**	**58**	**2577**
मैक्सिको	0	2	8	407
अन्य	1	0	0	-8
कुल उ. अमरीका	**1**	**2**	**8**	**307**

कुल	1706	2129	2323	9.1

[स्रोत: हरीमन कैमसल्ट फरवरी, 2010]

ग्राफ 7



146. चीन के पारंपरिक बाजार अर्थात इंडोनशिया, दक्षिण कोरिया, वियतनाम को वर्ष 2009 के दौरान चीन से आयात कम हुए हैं । परंतु भारत को निर्यात में वृद्धि हुई है । चीन का बेशी उत्पादन वर्ष 2009 में 2290 हजार मी.ट. था जबकि 2008 में यह 2127 हजार मी.ट. रहा था । चूंकि चीन के पारंपरिक निर्यात बाजार मंदी पूर्व स्तर पर अभी नहीं पहुंचे हैं, इसलिए भारतीय बाजार लक्षित बाजार बना हुआ है जो कि उनके पारंपरिक बाजारों को हुए निर्यात की ऋणात्मक वृद्धि दर के परिप्रेक्ष्य में भारत को हुए निर्यात में 272% की वृद्धि से स्पष्ट हो जाता है ।

147. **उद्गम या निर्यात के देश में निर्यात क्षमता जो निकट भविष्य में विद्यमान है अथवा विद्यमान रहने की संभावना है और भारत को निर्यात हेतु उक्त क्षमता का प्रयोग किए जाने की संभावना है** : निम्नलिखित तालिका से यह पता चलता है कि चीन के पास सोडा ऐश की उत्पादित बेशी क्षमता उपलब्ध है क्योंकि वर्ष 2009 में सोडा ऐश के उत्पादन में 471 हजार मी.ट. की वृद्धि हुई है परंतु घरेलू खपत में केवल 308 हजार मी.ट. की वृद्धि हुई है । चीन से हुए कुल निर्यात में 194 हजार मी.ट. की वृद्धि हुई जो 2009 में बढ़कर 2323 हजार मी.ट. के हो गए । यह वृद्धि चीन द्वारा इंडोनेशिया और कोरिया के निर्यात बाजार में आई 156 हजार मी.ट. की कमी के कारण हुई है ।

तालिका : 20

चीन, सोडा ऐश निर्यात - मांग, 2006-2009				
जनवरी-दिसंबर (000मी.ट.)				
	2006	2007	2008	2009
उत्पादन	15925	17597	18823	19294
निर्यातक	1810	1706	2129	2323
आयात	142	40	1	32
खपत	14258	15931	16696	17004

[**स्रोत: हरीमन कैमसल्ट** लि.]

समग्र स्थिति का मूल्यांकन

148. उपर्युक्त मापदंडों के मूल्यांकन से यह पता चलता है कि रक्षोपाय शुल्क लगाने के बाद आयात में गिरावट आई परंतु यह वर्ष 2008 में हुए आयात के स्तर से अधिक बने रहे । प्रवृति के विश्लेषण से संवर्धित वृद्धि दर का पता चलता है क्योंकि 2009 में तिमाही आयात की मात्रा 2008 की मात्रा से अधिक रही है । घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा 2008 के स्तर से कम रहा है । रक्षोपाय शुल्क का घटते हुए उत्पादन और बिक्री पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है । तथापि, वर्ष 2009 में वार्षिक उत्पादन तथा बिक्री 2008 के स्तर से कम रही है । लाभ एवं लाभप्रदत्ता में गिरावट जारी है जिसकी मुख्य वजह चीन से हुए आयातों की घटी हुई कीमत है । भारत चीन के निर्यातों का संकेन्द्रित गंतव्य रहा है । इसके अलावा, चीन के पास बढ़ती हुई बेशी उत्पादन क्षमता बनी हुई है । अत: बाजार विकृति का आसन्नवर्ती खतरा बना हुआ है ।

अन्य कारक :

149. **निर्यात :** निम्नलिखित तालिका में भारत द्वारा तिमाही निर्यात दिए गए हैं ।

तालिका 21

निर्यात बिक्री (मी.ट.)					
	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
ति1	57,133	27,520	37,368	28,860	54,577
ति2	49,594	29,636	16,750	32,704	43,723
ति3	70,142	56,958	30,821	37,773	51,862
ति4	69,280	54,745	52,908	59,639	

150. निर्यात आंकड़ों के विश्लेषण से यह पता चलता है कि भारत से हुए निर्यात वर्ष 2008 की तुलना में 2009 में अधिक रहे हैं । उपर्युक्त निर्यातों को छोड़कर उत्पादन के आंकड़ों के विश्लेषण से उत्पादन में गिरावट तथा मालसूची में वृद्धि का पता चलता है । सोडा ऐसा के निर्यात आय घरेलू आय से कम है । घरेलू उद्योग मुख्यत: घरेलू बाजारोन्मुख रहा है । अत: घरेलू उद्योग द्वारा कम कीमत पर किए गए निर्यात के परिणामस्वरूप बढ़ती हुई मालसूची को कम करने और क्षमता उपयोग को बढ़ाने का प्रयास किया गया है ताकि बिक्री लागत को कम किया जा सके । तथापि, निर्यात में वृद्धि से क्षति कम नहीं हो सकी । अत: निर्यात का क्षति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है ।

151. **भारत में सोडा ऐश की मांग :** निम्नलिखित तालिका में भारत के बाजार आकार को दिया गया है । मांग के विश्लेषण से यह पता चलता है कि:

तालिका 22

बाजार आकार [मांग](मी.ट.)					
	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
ति1	5,18,960	5,81,291	5,35,480	5,52,521	6,21,842
ति2	5,51,996	5,26,914	4,75,112	5,35,033	5,54,865
ति3	5,29,349	5,41,789	6,33,516	4,99,931	6,12,515
ति4	5,55,857	5,66,469	6,13,001	5,81,878	

वार्षिक क्षमता तथा बाजार आकार				
	2006	2007	2008	2009
क्षमता	24,93,900	25,10,321	28,78,696	28,78,696
बाजार आकार	22,05,851	22,10,577	22,00,486	23,71,100

152. वर्ष 2008 में वार्षिक मांग में 2007 की तुलना में 10 हजार मी.ट. की कमी आई परंतु 2009 में इसमें 1,70,614 मी.ट. की वृद्धि हुई जिससे 7.75% की वृद्धि का पता चलता है । वार्षिक घरेलू उत्पादन क्षमता 28,78,628 मी.ट. की है जो घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है ।

153. **कारणात्मक संबंध :** वार्षिक रिपोर्टों, बिक्री, लाभ, क्षमता उपयोग और घरेलू उद्योग के हिस्से के विश्लेषण से यह पता चलता है कि यद्यपि, आयात में वृद्धि हुई है, तथापि मालसूची में वृद्धि हुई और बिक्री, लाभ तथा क्षमता उपयोग में गिरावट आई । चीन में कम कीमत पर सोडा ऐश की उपलब्धता से आयात होने और वास्तविक क्षति होने का खतरा बना हुआ है ।

कारणात्मक संबंध का विश्लेषण



154. **जन हित** : किसी भी अर्थव्यवस्था में विभिन्न आर्थिक व्यापारियों की परिवर्तनशील और कभी-कभी प्रतिस्पर्धी अभिरूचियां होती हैं । रक्षोपाय शुल्क लगाने से अलग-अलग व्यापारियों पर भिन्न-भिन्न प्रभाव पड़ सकते हैं और ये प्रभाव जब व्यापारियों के प्रतिस्पर्धी हित हों तो उन सभी के लिए हो सकता है कि यह सबसे उपयुक्त न हो । अत: निश्चयात्मक रक्षोपाय शुल्क लागू किए जाने से पूर्व विभिन्न आर्थिक व्यापारी वर्ग के हितों का विश्लेषण किया गया है ।

155. हितबद्ध पक्षकारों ने सार्वजनिक हित के मुद्दे पर ऐसा कोई नया आंकड़ा या सूचना प्रस्तुत नहीं की है और यह निश्चयात्मक रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने से पूर्व प्रस्तुत तर्क जैसी ही है ।

156. **दिसंबर, 2009 के बाद के घटनाक्रम** : पूर्ववर्ती पैराग्राफों में समस्त संगत कारकों और साक्ष्यों का विस्तृत विश्लेषण किया गया है । तथापि, कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने यह अनुरोध किया है कि वर्ष 2010 में चीन में कीमतों में सुधार हुआ है और अपने दावे को न्यायोचित ठहराने के लिए हरीमन कैमसल्ट तथा अन्य पत्रिकाओं का हवाला दिया है । अद्यतित इन पत्रिकाओं का विश्लेषण किया गया था ।

157. मार्च, 2010-संख्या 302 हरीमन कैमसल्ट लि. के अंक में निम्नानुसार उद्धृत है :

"चीन के सोडा ऐश में पिछले माह हुई तीव्र वृद्धि में मार्च में उल्लेखनीय गिरावट आई है । फरवरी में डेंश ग्रेड के लिए आरएमबी 1600/मी.ट. कारखानागत (सीए 235 डॉ./मी.ट.) की कीमत घटकर अब 1450-1550 आरएमबी/मी.ट. कारखानागत (सीए 210-225 डॉ./मी.ट.) हो गई तथा लाइट ग्रेड के लिए यह लगभग 1400-1450 आरएमबी/मी.ट.कारखानागत (सीए 205-210 डॉ.मी.ट.) हो गई । अब यह प्रतीत होता है कि बाजार में पिछले माह कई विशेष कारकों के कारण विकृति आई थी । इनमें से पहला कारक जनवरी में अत्यधिक शरद मौसम तथा भारी हिमपात द्वारा पूर्व में आपूर्ति श्रृंखला में पहुंचाई गई बाधा रही है । इससे भारी मात्रा में उत्पाद को भेजने में बाधा उत्पन्न हुई है । अत: प्रणाली को शुरू करने में विलंब हुआ जिससे कई उपभोक्ता अपना प्रचालन जारी रखने के लिए आपूर्तियां करने के लिए उत्सुक हो गए ।

दूसरा असामान्य कारक फरवरी में नव वर्ष की छुट्टियां रही थीं । अधिकांश खपतकर्ता संयंत्र इस अवकाश के बाद सुचारू पुन: शुरूआत सुनिश्चित करने के लिए आपूर्तियां प्राप्त करने के इच्छुक थे । इस परिस्थिति को उभरती हुई इस अवधारणा ने और बल दिया कि चीन की व्यापक अर्थव्यवस्था संवर्धित गति से आगे बढ़ रही है । परिणामत: आने वाली किसी कमी से बचने की सामान्य मंशा बन गई थी । तीसरा कारक सोडा ऐश के उत्पादकों की लागत में चल रही वृद्धि रही थी । कई उत्पादकों खासकर 16वें पद्धति अपनाने वाले उत्पादकों द्वारा कुछ बढ़ी हुई अवधि के लिए ऋणात्मक मार्जिनों पर प्रचालन किया जा रहा है और इस बात की जागरूकता बढ़ रही थी कि कई प्रतिस्पर्धियों के लिए यह स्थिति निर्णायक बन सकती है । अत: आपूर्ति पक्ष ने अधिक कीमतों का दबाव बनाने के लिए तंग बाजारी स्थितियों का पूरा लाभ उठाया । इन कारकों की वजह से फरवरी में उत्पाद को प्राप्त करने की तात्कालिकता का जन्म दिया जो संपर्ककर्ता फैक्ट्री तबकों की अनिवार्यता की दृष्टि से आपात स्तर पर नहीं था ।

तथापि, अब बाजारी भावनाएं अवकाश के बाद शांत होने लगी हैं तथा सड़क एवं रेल नेटवर्क सामान्य ढर्रे पर आ गया है । "

उनके दावे के समर्थन में पत्रिका में यह उद्धृत किया गया है कि :

"सीमित निर्यात उपलब्धता के प्रभाव को जनवरी में मात्रा में अचानक गिरावट द्वारा भी पुष्टि की जा रही है । पूर्ववर्ती 6 माह की अवधि की तुलना में उक्त माह में लगभग 160,000-170,000 मी.ट./माह के मुकाबले केवल 120,000 मी.ट. का पोत परिवहन किया गया था । इसके अलावा, जनवरी माह की भारी डिलिवरियां एशियाई क्षेत्र को की गई थीं तथा कुछेक सीमित पार्सल दक्षिणी अमरीका तथा अफ्रीका एवं मध्य पूर्व को भेजे गए थे । सीमित मात्रात्मक उपलब्धता के अलावा यह समझा गया है कि भाड़ा दरों के पुष्टिकरण ने वर्ष 2000 के इन पूर्ववर्ती उच्च प्राथमिकता वाले बाजारों से चीन को हटाने में भूमिका निभाई है । इस प्रकार दक्षिणी अमरीका तथा अफ्रीका एवं मध्य पूर्व को जनवरी माह में किए गए पोतलदानों से पिछले वर्ष की तुलना में 15,000-20,000 मी.ट./माह की विशिष्ट दरों में आई पर्याप्त कमी का पता चलता है । एशियाई क्षेत्र के भीतर भी हाल की अवधि की तुलना में सामान्यत: कम कीमत रही है । इस प्रकार भारत को भेजी गई 2000 मी.ट. की मात्रा एक वर्ष की मात्रा से न्यूनतम है और यह तुलनात्मक रूप से पिछले वर्ष के 40,000-50,000 मी.ट./माह की दर के मुकाबले नगण्य है जिसकी वजह से भारतीय आयात शुल्क लगाया गया है । "

अत: चीन में कीमतों में वृद्धि मुख्यत: मौसम संबंधी विषम स्थितियों और स्थानीय कारकों के कारण आपूर्ति में आई बाधा के कारण हुई है । इन कारकों से चीन की घरेलू कीमतें सर्वाधिक प्रभावित हुई हैं और आपूर्ति की बाधा के बाद भी सोडा ऐश की निर्यात कीमत 200 अम.डॉ./मी.ट. एफओबी से कम रही हैं । जनवरी में कीमत दिसंबर में रही 155 अम.डॉ. एफओबी की तुलना में 160 अम.डॉ. एफओबी रही थी । अब कीमत में अस्थायी वृद्धि के कारक मौजूद नहीं हैं और कीमतों में गिरावट शुरू हो चुका है जैसा कि चीन में घरेलू कीमत में घट-बढ़ से पता चलता है जिसे निम्नलिखित ग्राफ में दर्शाया गया है :

चीन, सोडा ऐश की घरेलू कीमतें
वर्ष 2008-2010,डॉ./मी.ट., डेंस, सुपुर्द

China, Domestic Soda Ash Prices
2008-2010, $/mt, dense, delivered



158. अत: रक्षोपाय शुल्क लगाने को जारी रखना सार्वजनिक हित में है ।

निष्कर्ष और सिफारिश

159. उपर्युक्त जांच परिणामों के आधार पर यह पाया गया है कि घरेलू उद्योग के लिए बाजार विकृति का खतरा बना हुआ है और "बाजार विकृति" को रोकने के लिए अवधि को बढ़ाने के रूप में रक्षोपाय शुल्क जारी रखना आवश्यक है । तदनुसार चीन जनवादी गणराज्य से भारत में आयात किए जाने के समय सीमाशुल्क टैरिफ़ अधिनियम, 1975 की पहली अनुसूची के उपशीर्ष 283620 के अंतर्गत आने वाले सोडा ऐश के आयातों पर नीचे उल्लिखित दर पर और अवधि के लिए रक्षोपाय शुल्क की सिफारिश की जाती है जिसे बाजार विकृति से घरेलू उद्योग की रक्षा करने के लिए न्यूनतम माना जाता है ।

क्र.सं.	अवधि	शुल्क
1	20.04.2010 से 19.04.2011	16%
2	20.04.2011 से 19.04.2012	14%

[फा. सं. डी-22011/05/2010]

आई. डी. मजूमदार, महानिदेशक (रक्षोपाय)

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

(OFFICE OF THE DIRECTOR GENERAL OF SAFEGUARDS CUSTOMS AND CENTRAL EXCISE)

NOTIFICATION

New Delhi, the 13th April, 2010

Subject : Safeguard Duty investigation against imports of Soda Ash in to India from People's Republic of China—Final Findings of Review Proceedings.

G.S.R. 318(E).—Having regard to the Customs Tariff Act, 1975 and the Customs Tariff (Transitional Product Specific Safeguard Duty) Rules, 2002 thereof:

A. PROCEDURE

1. An application was filed before me by Alkali Manufacturers Association of India (AMAI) , 3rd Floor, Pankaj Chambers, Preet Vihar Commercial complex , Vikas Marg, Delhi-110092, for continued imposition of Safeguard duty on imports of Soda Ash into India from China to protect the domestic producers of Soda Ash from threat of market disruption caused by the increased imports from People's Republic of China. Having satisfied that the requirements of Rule 5 were met, the Notice of Initiation of Safeguard investigation concerning imports of Soda Ash into India from People's Republic of China was issued under Rule 6 of Customs Tariff (Transitional Product Specific Safeguard Duty) Rules, 2002 on 19th February, 2010 and was published in the Gazette of India Extraordinary on the same day.

A copy of the notice was sent to the government of People's Republic of China through their embassies in New Delhi. A copy of initiation notice was also sent to all known interested parties listed below:

Domestic Producers:

1. Tata Chemicals Ltd.

   Leela Business Park,

   Andheri-Kurla Road, Andheri (East)

   Mumbai – 400 059.

2. Saurashtra Chemicals Limited,

   Birlasagar,

   Porbandar 360 576

   Gujarat.

3. Gujarat Heavy Chemicals Limited

   B-38, Institutional Area,

   Sector – 1, Noida – 201 301.

4. DCW Limited,

   "Nirmal" 3rd Floor,

   Nariman Point,

   Mumbai 400 021

5. Nirma Limited

   NCC Office,

   Krishna Nagar,

   Wadhawadi Road,

   Bhavnagar 364 002 Gujarat.

Other Indian producer :

1. Tuticorin Alkali Chemicals & Fertilizers Limited

   East Coast Centre,

   534, Anna Salai,

   Teynampet,

   Chennai 600 018

Importers

1. Gujarat Guardian Ltd.
   Village - Kondh,

Valia Road,

Palnt Sate Highway No. - 13

Ankleshwar,

Bharuch - 393 001,

2. Float Glass India Ltd.
T - 7, Midc,

Industrial Area,

Taloja, Maharashtra,

3. Alembic Glass Industries Ltd.
Alembic Road,

Baroda (Vadodara),

Gujarat,

4. Deepak Nitrite Limited, Nandesari
4/12, Chemical Complex,

Gidc,

Nanfesari,

Baroda (Vadodara)

Gujarat,

5. Hindusthan National Glass & Ind. Ltd.
Rishra,

West Bengal

6. Hindustan Uniliver Ltd.
Dakshina Building,

8th Floor, Plot No. - 2,

Sector No. - 11,

Cbd Belapur,

Navi Mumbai,

7. Procter & Gamble Hygiene And Health Care
Mandideep Plant L & C - Mfg Plot No. - 182,

Mandideep,

Madhya Pradesh,

8. Albright Morarji & Pandit Ltd.
Ambernath,

Dist. - Thane

Maharashtra

9. Advatech Industries Pvt. Ltd., Dhanali
Village - Dhanali,

At - Kadi District,

Mahesana,

Gujarat,

10. Saint Gobain Glass Ltd.
Sriparumbathur,

Tamilnadu,

Exporters

1. Shandong Haihua Group
Shandong haihua Group Co., Ltd.

Delvelop Zone of Haihua

Weifang City,Shandong 262737,

China.

2. Hebei Tangshan Sanyou Alkali Industry Company
Nanpu Development Area,

TangShan,Hebei,

China

Postcode.063305

3. Qinghai Alkali Plant (Zhejiang Glass)
China's Qinghai Delhi Municipal Industrial Park

Zip:817000

4. Tianjin Soda Ash Plant
No.87 Xinhua Road

Tanggu Distric' Tianjin

China

5. Jinshan Chemical co.
China's Zhengzhou City in Henan Province,

Zhengzhou City Fushoushan Street 87,

China

Questionnaires were available to all known domestic producers, importers and exporters. They have been provided 30 days time to respond.

Requests for an extension of time to submit their replies were made by some of the interested parties. The request was considered in light of the need for expeditious investigation. The names and addresses of all interested parties are as follows:

i. The Embassy of People's Republic of China 50, D Shantipath New Delhi
ii. Alkali Manufacturers' Association of India (AMAI), 3rd Floor, Pankaj Chambers, Preet Vihar Commercial Complex, Vikas Marg, Delhi -92
iii. T P M Solicitors & Consultants, K- 3/A, Saket, New Delhi.
iv. Gujarat Heavy Chemicals Limited B-38, Institutional Area, Sector – 1, Noida – 201 301.
v. Saurashtra Chemicals Limited, Birlasagar,Porbandar 360 576,Gujarat.
vi. Tata Chemicals Ltd., Leela Business Park, Andheri-Kurla Road, Andheri (East), Mumbai – 400 059.
vii. DCW Limited, "Nirmal" 3rd Floor, Nariman Point, Mumbai 400 021
viii. Nirma Limited, NCC Office, Krishna Nagar, Wadhawadi Road, Bhavnagar 364 002 Gujarat.
ix. Tuticorin Alkali Chemicals & Fertilizers Limited, East Coast Centre, 534, Anna Salai, Teynampet, Chennai 600 018
x. Shandong Haihua Group, Shandong haihua Group Co., Ltd., Delvelop Zone of Haihua, Weifang City,Shandong 262737,China.
xi. Hebei Tangshan Sanyou Alkali Industry Company, Nanpu Development Area,TangShan,Hebei, China: Postcode.063305
xii. Qinghai Alkali Plant (Zhejiang Glass), China's Qinghai Delhi Municipal Industrial Park, Zip:817000

xiii. Tianjin Soda Ash Plant, No.87 Xinhua Road, Tanggu District Tianjin
xiv. China
xv. Jinshan Chemical co.,China's Zhengzhou City in Henan Province, Zhengzhou City Fushoushan Street 87, China
xvi. Gujarat Guardian Ltd.,Village – Kondh ;Valia Road, Palnt Sate Highway No. – 13, Ankleshwar, Bharuch - 393 001,
xvii. Float Glass India Ltd., T - 7, Midc, Industrial Area, Taloja, Maharashtra,
xviii. Alembic Glass Industries Ltd.,Alembic Road,Baroda (Vadodara), Gujarat
xix. Deepak Nitrite Limited, Nandesari, 4/12, Chemical Complex,Gidc, Nanfesari,Baroda (Vadodara), Gujarat
xx. Hindusthan National Glass & Ind. Ltd.,Rishra,West Bengal
xxi. Hindustan Uniliver Ltd.,Dakshina Building,8th Floor, Plot No. - 2,Sector No. - 11, Cbd Belapur,Navi Mumbai,
xxii. Procter & Gamble Hygiene And Health Care,Mandideep Plant L & C - Mfg Plot No. - 182,Mandideep,Madhya Pradesh,
xxiii. Albright Morarji & Pandit Ltd.,Ambernath,Dist. – Thane,Maharashtra
